BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY 75 108 57 108
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..
# जग प्रेरणा
बालाघाट - 28 जुलाई 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 182 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा

डिज़ाइनर और बुटीक साड़ियों के लिए...!
गोंदिया बालाघाट जिले में...
हर जनरेशन की महिलाओं की फेवरेट शाप...
मो. 9325481081
9423113147
पंकज
खास साड़ीयों का खास संग्रह
मेन रोड, गोंदिया

## भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा संपन्न, विग्रह मंदिर लौटे

पुरी, (भाषा)।

*भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र तथा देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा का समापन सोमवार को 'नीलाद्रि बीजे' अनुष्ठान के साथ हो गया। वे 12 दिन बाहर बिताने के बाद 12वीं सदी के मंदिर में वापस लौट आए।*

'नीलाद्रि बीजे' अनुष्ठान वार्षिक रथ यात्रा का अंतिम चरण माना जाता है। रथ यात्रा 16 जुलाई को शुरू हुई थी, जब भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ रथों पर सवार होकर मुख्य मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर स्थित अपने जन्मस्थान श्रीगुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुए थे।

चौबीस जुलाई को बहुडा यात्रा या वापसी रथ यात्रा के बाद से ही अपने-अपने रथों पर विराजमान विग्रहों को एक-एक करके एक औपचारिक शोभायात्रा के साथ मंदिर के गर्भगृह में ले जाया गया और मंदिर के भीतर स्थापित किया गया। सबसे पहले भगवान जगन्नाथ के चक्र स्वरूप शस्त्र श्रीसुदर्शन को मंदिर में प्रवेश कराया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को ले जाया गया। अंत में 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच भगवान जगन्नाथ के विग्रह को मंदिर में प्रवेश कराया गया।

इस वर्ष रथ यात्रा पूरी तरह दुर्घटनारहित नहीं रही। गर्मी और उमस भरे मौसम के कारण दम घुटने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। 16 जुलाई को रथ यात्रा के दिन दो लोगों की जान गई। गर्मी, उमस और भारी भीड़ के कारण कई श्रद्धालुओं की तबीयत भी बिगड़ गई। समुद्र तटीय इस तीर्थ नगरी में 10 दिनों के दौरान देश-विदेश से 50 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ÷हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रभु की कृपा और सभी के सहयोग से इस वर्ष श्रीक्षेत्र में श्रद्धालु शांतिपूर्ण वातावरण और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के बीच महाप्रभु के दिव्य दर्शन कर रहे हैं।÷

# 'एंटी पेपर लीक बिल' पर आज लोकसभा में होगी चर्चा, सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध खत्म



नई दिल्ली।

*एंटी पेपर लीक बिल पर अंततः सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध खत्म हो गया। इस बिल पर आज लोकसभा में चर्चा होगी। इससे पहले स्पीकर ओम बिरला ने पक्ष और विपक्ष से अपील की थी कि वे इस बिल पर सहमति बनाएं और गतिरोध को दूर करने का प्रयास करें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की*

पहल और सदन में लगातार बनाए गए संवाद का सकारात्मक परिणाम सामने आया। अब मंगलवार को संसद में लोक परीक्षा( अनुचित साधन निवारण )विधेयक,2026 पर चर्चा होगी। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा शुरू करने पर सहमति जताई है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने क्या अपील की थी?

सदन की कार्यवाही के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी दलों से आग्रह किया था कि यह विषय देश के करोड़ों विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस पर व्यापक और सार्थक चर्चा होना उचित है।

### सहमति और संवाद की भावना को मिला बल

अध्यक्ष की इस सकारात्मक पहल के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स से लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं बातचीत की। इसका नतीजा ये हुआ कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सहमति बनाते हुए मंगलवार को इस बिल पर विस्तृत चर्चा कराने का निर्णय लिया। माना जा रहा है कि इस प्रयास से सदन में सहमति और संवाद की भावना को भी बल मिला है। इससे पहले पेपर लीक माफ़ियाओं पर नकेल कसने के लिए आज संसद में एंटी पेपर लीक बिल पेश किया गया। इस बिल को पेश करने की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को दी गई। हालांकि, विपक्ष के हंगामे के कारण चर्चा नहीं हो सकी और कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### चर्चा के बाद सरकार इन सुझावों का जवाब देगी

यह बिल सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल, संगठित परीक्षा माफ़िया और अन्य अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। मंगलवार को होने वाली चर्चा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दल विधेयक के प्रावधानों पर अपने सुझाव और संशोधन भी रख सकते हैं। चर्चा के बाद सरकार इन सुझावों का जवाब देगी और इसके बाद विधेयक को सदन की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। संसदीय परंपराओं के अनुरूप अध्यक्ष ओम बिरला की पहल ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद, सहमति और विस्तृत चर्चा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उनके प्रयासों से सभी दलों का चर्चा के लिए तैयार होना संसदीय गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों का सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

निरंतर 65 वर्षों से विश्वसनीय प्रतिष्ठान
Lucky®
आपके अपने विजय भैय्या का
Apparels
20% To 50%
SAREES
GHAGRA CHUNNI
LACHA
INDO WESTERNS
MONSOON SALE
FOLLOW US ON :
हमारी अन्य कहीं भी कोई शाखा नहीं है..
गोरेलाल चौक, मेन रोड, गोंदिया

## जारा भत्ता के मामले में पति अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकता: इलाहाबाद उच्च न्यायालय..

प्रयागराज, (भाषा)।

*इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि पहले से शादीशुदा व्यक्ति अपनी वैवाहिक स्थिति छिपाकर किसी दूसरी महिला से शादी करता है तो वह महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार है, भले ही उसकी शादी अमान्य है। अदालत ने कहा कि पति को अपने गलत कृत्य का लाभ उठाने और उसकी पहली शादी से अनजान रहते हुए विवाह करने वाली दूसरी महिला को गुजारा भत्ता से इनकार की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद ने 16 जुलाई को इस टिप्पणी के साथ पति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी।*

पति ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के परिवार अदालत के निर्णय को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने गुजारा भत्ता की राशि बढ़ाने के अनुरोध वाली पत्नी की पुनरीक्षण याचिका आंशिक रूप से स्वीकार कर ली। मोनिका उर्फसत्यवती ने इस आधार पर गुजारा भत्ता की राशि बढ़ाने की मांग की थी कि उसका पति सरकारी कर्मचारी है और प्रतिमाह 50,000 रुपये कमाता है। मथुरा की परिवार अदालत ने प्रतिमाह 6,000 रुपये गुजारा भत्ता मंजूर किया था। वहीं, पति मनोज कुमार उर्फबबलू ने अपनी पुनरीक्षण याचिका में दलील दी थी कि पत्नी द्वारा सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दाखिल याचिका विचार योग्य नहीं है क्योंकि कानून की नजर में उसकी शादी वैध नहीं थी। पति के मुताबिक, महिला के साथ उसकी कथित दूसरी शादी की तिथि पर पिछली शादी समाप्त नहीं हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने कथित तौर पर 12 दिसंबर, 2016 को शादी की, जबकि पति की पहली शादी 29 फरवरी, 2008 को हुई थी और परस्पर सहमति से तलाक के आदेश के जरिए 15 नवंबर, 2017 को वह शादी समाप्त हुई। इस प्रकार से, दूसरी शादी की तिथि पर उसकी पिछली शादी अस्तित्व में थी। परिवार अदालत ने मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य पर गौर करने के बाद पाया कि दोनों पक्षों के बीच वास्तव में हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी। परिवार अदालत ने पति की यह दलील खारिज कर दी कि वह शादी बंदूक की नोक पर जबरदस्ती कराई गई थी। अदालत ने कहा कि पति ने अपनी पहली शादी की बात छिपाकर दूसरी शादी की।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है।

अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा खबरों से जुड़ें।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time | AICTE Approved
• Civil Engg. • Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Mining Engg. • Computer Sc. & Engg. • Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY • B. PHARMACY • M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.) • B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस: वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मूळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द ● पित का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द ● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मित औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कूल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन | फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण | सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त






जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




### गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा देने की मांग को लेकर

# बालाघाट में गौ सम्मान अभियान की रैली लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे गौ भक्त..

## सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***गौ संरक्षण, संवर्धन एवं भारतीय संस्कृति में गोवंश के सम्मान को संवैधानिक मान्यता दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को गौ सम्मान अभियान के तहत बालाघाट में कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम स्मरण पत्र सौंपा गया। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे पूर्व 27 अप्रैल 2026 को देशभर की 5100 तहसीलों***

से करोड़ों नागरिकों के समर्थन के साथ एक विस्तृत प्रार्थना पत्र राष्ट्रपति को भेजा गया था, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण पुनः स्मरण पत्र प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन रैली की अगुवाई विश्व हिन्दु परिषद बालाघाट के अध्यक्ष यज्ञेश चावड़ा ने की।

सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं अनुच्छेद 51(ग) की मूल भावना का उल्लेख करते हुए 'अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश' को ÷राष्ट्रमाता/ राष्ट्र आराध्या÷ का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने, केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना तथा गोवंश संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए एकीकृत केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि गो-सेवा, गो-सुरक्षा और गोवंश सम्मान के उद्देश्य से 27 अप्रैल 2026 को देशभर के नागरिकों द्वारा व्यापक जनसमर्थन के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। अभियान के अनुसार उस समय देश की 5100 तहसीलों से सवा पाँच करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना पत्र राष्ट्रपति को भेजा गया था।

अभियान के प्रतिनिधियों का कहना है कि विषय की गंभीरता के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधानपरक कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी कारण करोड़ों नागरिकों की भावनाओं एवं अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र का पुनः अनुस्मरण कराया गया है। ज्ञापन के साथ अभियान की विस्तृत कार्ययोजना एवं अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

इनमें गोवंश संरक्षण एवं प्रबंधन की विस्तृत कार्ययोजना, कानूनी एवं शोध आधारित दस्तावेज, अभियान का संक्षिप्त विवरण तथा हस्ताक्षरयुक्त समर्थन सूची शामिल है। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि देशभर से प्राप्त हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेजों को पर्यावरण संरक्षण एवं कागज की बचत के उद्देश्य से डिजिटल माध्यम (सीडी एवं पेनड्राइव) में भी उपलब्ध कराया गया है।

आवश्यकता पड़ने पर मूल हस्ताक्षरयुक्त प्रतियां भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की जा सकती हैं। अभियान के अनुसार प्रस्तुत दस्तावेजों में 2,15,378 पृष्ठों की स्कैन प्रतियां संलग्न हैं, जिनमें देशभर से प्राप्त हस्ताक्षर एवं समर्थन दर्ज हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद नहीं, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप गोवंश संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता दिलाना है।

अभियान के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि महामहिम राष्ट्रपति इस जनभावना का संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगी, जिससे गोवंश संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के लिए प्रभावी एवं एकीकृत राष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभियान से जुड़े कार्यकर्ता एवं गौसेवा से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### डबल मनी मामले में निवेशकों की सुविधा के लिये

# पुलिस ने किये 113 निवेशकों के नाम जारी..

## रुपए वापसी के लिए निवेशकों से आवेदन की अपील..

## अनेक शहरों के भी निवेशकों के नाम है शामिल..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***2022 में बालाघाट में चर्चा में आए डबल मनी मामले में मुख्य आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने यह घोषणा की थी कि वे सभी निवेशकों को न्यायालय के माध्यम से उनकी मूल निवेश राशि वापस दिलाने का प्रयास***

करेंगे। इसी क्रम में 20 रजिस्टरों में 3700 नामों में से आवेदन के लिये पुलिस ने पहले 113 निवेशकों को आवेदन का अवसर प्रदान किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने सोमेंद्र कंकरायाने के साथ ही तामेश मंसूरे, राकेश मंसूरे, प्रदीप कंकरायाने, दिनेश कंकरायाने, रामप्रसाद मंसूरे, प्रदुम कंकरायाने और रुखचंद हरदे को गिरफ्तार किया था जो कि फिलहाल पुलिस रिमांड पर हैं। इन्हें 2022 से फरार होने के बाद 20 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को 113 निवेशकों के नाम मीडिया को जारी किए गए हैं, इन निवेशकों में बालाघाट जिले के लांजी, बालाघाट सहित अन्य क्षेत्रों के अलावा छत्तीसगढ़ के भिलाई, धमतरी और मध्य प्रदेश के उज्जैन व सिवनी के लोग शामिल हैं। गौरतलब है कि पुलिस ने एक आवेदन का प्रारुप भी जारी किया है, जिसको भर कर आवेदक अपनी राशि की जानकारी के साथ सबुत के तौर पर उनके पास जमा चैक भी जमा कर सकेंगे। पुलिस ने सभी 113 निवेशकों से अपील की है कि वे 28 और 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक बालाघाट एसपी कार्यालय में अपने आवेदन जमा करें। आवेदनों के लिए एक निर्धारित प्रारूप जारी किया गया है। निवेशकों को अपने आवेदन के साथ चेक नंबर, बैंक खाता नंबर, बैंक का नाम, डबल मनी की राशि, निवेश की मूल राशि, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आरोपियों द्वारा दिए गए चेक और ऑनलाइन भुगतान के दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार राकेश जैन का दुखद निधन..

## आज होगा अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्रीयुत अमीरचंद जैन के सुपुत्र राकेश जैन आज 27 जुलाई को ब्रह्मलीन हो गए। स्व. राकेश जैन सरल स्वभाव, मृदुभाषी, मिलनसार, अपनत्व की भावना से ओतप्रोत, सामाजिक सदभाव की प्रतिमूर्ति होने***

के साथ साथ वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार भी थे। आप तैराकी संघ के सक्रिय प्रतिनिधि थे, वहीं पूर्व में आप भरवेली में दवा व्यवसायी के रुप में भी कार्यरत थे। आप अपने पीछे पत्नी श्रीमती माला जैन, पुत्री श्रद्धा जैन, बड़े भाई रविन्द्र जैन, राजेश जैन, छोटे भाई योगेश जैन, आशीष जैन संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. राकेश जैन के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा निज निवास वार्ड नं. 16 से आज 28 जुलाई 2026 को सुबह 10.30 बजे जागपुर घाट मोक्ष धाम के लिए प्रस्थान करेगी। स्व. राकेश जैन के निधन पर वरिष्ठ पत्रकार सोहन वैद्य, जगप्रेरणा के संपादक आशीष वर्मा, जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजीव भाऊ अग्रवाल, वार्ड नं. 16 के पूर्व पार्षद मनीष वर्मा संहित अनेक नगरवासियों ने शोक व्यक्त किया है।




## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

# कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में निकली भव्य विजय तिरंगा रैली..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में सोमवार को विशाल विजय तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।***

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशासनिक अधिकारी प्रो. परस राम ठाकरे, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने किया।

रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर किया। इस दौरान ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम्÷, ÷कारगिल के अमर शहीदों की जय÷ और ÷कारगिल के जवानों का बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान÷ जैसे गगनभेदी नारों से महाविद्यालय परिसर एवं नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

महाविद्यालय से प्रारंभ हुई रैली अंबेडकर चौक, काली पुतली चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर निकली। हाथों में तिरंगा थामे छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों और जोशपूर्ण नारों ने पूरे नगर में देशप्रेम का वातावरण बना दिया। मार्ग में नागरिकों ने भी रैली का स्वागत करते हुए कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से ÷वंदे मातरम्÷ के गायन के साथ हुआ। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने पूरे जोश के साथ रैली में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.एस. कातुलकर, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. कंचन मसराम, डॉ. उषा सिंह, डॉ. पंचारिया, डॉ. गोहे, डॉ. शिव, एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे, श्री राकेश पटले, डॉ. रचना कोरी, डॉ. डहाटे, डॉ. ताराचंद बड़घैया सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रहित और राष्ट्रीय एकता के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक

### लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश..

### संपति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने रात्रि गश्त बढ़ाने पर जोर..



जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा देर रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम में जिले की मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली गई।***

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, कंट्रोल रूम प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

### बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश..

**लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण** – पुलिस अधीक्षक ने सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग एवं लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो।

**गंभीर अपराधों पर नियंत्रण** – जिले में हत्या, हत्या के प्रयास, गृहभेदन एवं साधारण चोरी के अपराधों में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए इन पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी में वृद्धि करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा।

### रात्रि गश्त एवं निगरानी..

सभी थाना प्रभारियों को स्वयं रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए गए। एसडीओपी को रात्रि गश्त की नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु कहा गया, ताकि संपत्ति संबंधी अपराध घटित न हों।

**प्रतिबंधात्मक एवं विधिक कार्रवाई** – लघु अधिनियम के तहत कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए, जिला बदर के प्रकरण तैयार कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में असंतोष व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश, बार-बार अपराध करने वाले आरोपियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश।


**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश – SC/ST** प्रकरणों में पीड़ितों का राहत प्रकरण शीघ्र तैयार कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, लंबित समंस/वारंट का वर्गीकरण कर तामीली प्रतिशत बढ़ाया जाए, सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर फीडबैक लिया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता को त्वरित न्याय एवं सुरक्षित माहौल देना पुलिस की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं जनसंतुष्टि पर विशेष ध्यान दें।

# 9 अगस्त को मनाया जाएगा सूफी अध्यात्मिक धर्म गुरु आला हज़रत का उर्स

जगप्रेरणा सिवनी।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इस्लामी माह का दूसरा महिना सफ़रुल मुजफ्फर की 25 तारीख दिन रविवार को मनाया जाएगा अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी विचारधारा वाले भारतीय मुसलमानो के सूफी अध्यात्मिक धर्म गुरु मुजद्दिद ए दिनों मिल्लत ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी रहमतुल्लाह अलैय कों भारत सहित दुनिया भर में 85त्न सुन्नी हनफी सूफी मुसलमान अपना ईमाम मानते है और आपके लिटरेचर किताबें जो कुरान हदीस के हवाले से अकिदा ए अहले बैंत सहाबा ए इकराम शरियत ए मुस्तफा सलल्लाहो अलैय वसल्लम के मुताबिक आपने इल्म का खजाना अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी मुसलमानो को दिया।



आला हज़रत बरेलवी रहमतुल्लाह अलैय इस्लामी माह 10 शव्वाल मुताबिक सन 1856 को उत्तर प्रदेश के जिला बरेली शरीफ़ के शौदागरान में यौमे पैदाइश जन्म हुआ आप उस वक्त के बड़े इल्मी घराने में पैदा हुए आप तमाम इल्मों फ्न से मुकम्मल हो गए तो महरेरा शरीफ़के बुजुर्ग शाह आले रसूल रहमतुल्लाह अलैय से बैअत हो कर ख़िलाफत ली। आपने अपने जीवन मे लगभग 1300 सौ किताबें लिखी हैं आप दुनिया की लगभग 56 भाषाओं का ज्ञान इल्म रखते थे आपने कुरान मजीद का उर्दू अनुवाद तर्जुमा कंजूल ईमान लिखा जिसे पुरी दुनिया में सुन्नी हनफी मुसलमान पढ़ते हैं आपने अलग अलग जुबानों में सैकड़ों किताब लिखी जैसे एलजेब्रा, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथेमेटिक्स जैसे विषय पर आज से 100 सौ साल पहले आला हज़रत ने किताब लिख चुके हैं आप मौलाना ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफीबरेलवी ने सिर्फमैथेमेटिक्स पर 50 किताब लिखी है मौलाना ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी रहमतुल्लाह पर अब तक दुनिया भर में लगभग 50 से ज्यादा लोग पीएचडी कर चुके हैं दुनिया की कई युनिवर्सिटी में आप की किताबों में रिसर्च किया जा रहा है। आप आज़ादी से पहले जब देश अंग्रेजों का गुलाम था उस वक्त मुल्क को अलग करने की मुहिम के शख्त खिलाफ थे कल का भारत,,आज़ के पाकिस्तानी विचार धारा याने मोहम्मद अली जिन्ना मुस्लिम लीग के घोर विरोधी थे आपने अपनी किताब में मुस्लिम लीग को पलित लफ्ज़ लिख कर उनसे उस दौर में इनसे दूर रहने का फ्तवा दिया था खासकर मुसलमानो को, आला हज़रत बरेलवी सिर्फएक आलीम ए दीन नहीं है वल्कि आप अपने वक्त के एक साईंनस्दा थे। इस अज़ीम सूफी अध्यात्मिक धर्म गुरु मौलाना ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी रहमतुल्लाह अलैय का उर्स मुबारक बड़ी शान शौकत के साथ पुरे देश दुनिया भर में शांतिपूर्वक प्रदेश सहित सिवनी जिले भर में मनाया जाता है। आपका उर्स में कुल शरीफ़ की फातिहा 25 सफ्र उर्दू तिथि को याने 9 अगस्त दिन इतवार को 2/38 मिनट में मनाया जाएगा संपूर्ण जिले की सुन्नी मस्जिद मदरसों दर्सगाह में तकरीर जलसे लंगर भंडारे का आयोजन किया जाता है, और आपको खैराजे अकिदत का नजराना पेश किया जाता है हलाकी इस वर्ष दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ़उत्तर प्रदेश में 6/7/8/ अगस्त को उर्स का ऐलान किया गया है जबकि संपूर्ण देश प्रदेश सहित सिवनी जिले में 9 अगस्त को उर्दू तिथि चांद की 25 सफ़रुल मुजफ्फर को मनाया जाएगा। उर्स ए आला हज़रत के साथ ही पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां शुरू कर दी जाती है जो संपूर्ण जिले में इस्लामी परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा।

# नाले में डूबने से 40 वर्षीय युवक की मौत

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के पददीकोना गांव के पास नाले में सोमवार सुबह 11 बजे नहाने गए 40 वर्षीय पर्वत लाल बरकड़े की डूबने से मौत हो गई।***

घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा..

पददीकोना निवासी पर्वत लाल बरकड़े सुबह गांव के पास स्थित नाले में नहाने गए थे। इस दौरान वे अचानक नाले के गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने पर्वत लाल को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी गहरा होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाद में ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया।

### पुलिस ने शुरू की जांच..

घंसौर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस नाले में पानी के बहाव और गहराई सहित मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# 4 अगस्त को किशोर कुमार की 97 वीं जयंती पर सजेगी सुमधुर गीतों की महफिल



जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्य प्रदेश की माटी में जन्मे देश के महान पार्श्व गायक व अभिनेता किशोर कुमार गांगुली की 97वीं जन्म जयंती पर लूघरवाड़ा ग्रेट किशोर दा जयंती उत्सव का आयोजन रखा गया है।***

यह संगीतमय कार्यक्रम 4 अगस्त को शाम 7 बजे से एमएम अग्रोहा लान लूघरवाड़ा जबलपुर रोड में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक व एंकर गोविंद अग्रवाल ने बताया कि इस निःशुल्क आयोजन में स्थानीय व बाहर से आए कलाकारों द्वारा किशोर दा के सदाबहार एकल, युगल गीतों की लाइव इंस्ट्रूमेंटल प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय (मुनमुन), मुख्य अतिथि अतुल चंद मालू और कार्यक्रम अध्यक्ष नंदलाल गहलोत उपस्थित रहेंगे। मंच पर कृति बराले, पराग कटरे, निवेदिता नाग और स्वयं संयोजक गोविंद अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे।

आयोजन के विशेष आकर्षण के तौर पर नागपुर से आए डांस ग्रुप की शानदार प्रस्तुति व मिमिक्री आर्टिस्ट भी शामिल होंगे। दर्शकों के लिए भव्य एलईडी स्क्रीन और लाइटिंग-साउंड से सुसज्जित मंच पर गीतों के साथ किशोर दा से जुड़े रोचक व मजेदार किस्से भी साझा किए जाएंगे।

साथ ही मनोरंजक गेम्स व क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें दर्शकों को पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। महिलाओं व पुरुषों के लिए सर्वसुविधायुक्त इंडोर हाल में बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है तथा सभी श्रोताओं के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचे सी एम एच ओ



### सामाजिक कार्यकर्ता मनोज ठाकुर ने पूछा अस्पताल में कब होगी डॉक्टर की नियुक्ति

जगप्रेरणा खैरा पलारी।

***विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पंकज दुबे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचकर स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया***

इस मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु पहुंचे मरीजो का हाल-चाल जाना साथ ही यह भी कहा कि इस स्वास्थ केंद्र से मेरा बहुत लगाव है।

लोगों को यहां होने वाले इलाज पर बहुत विश्वास है मौके पर मौजूद क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा पत्रकार मनोज ठाकुर ने डॉक्टर पंकज दुबे से कहा कि यह स्वास्थ केंद्र में क्षेत्र के लगभग 50 गांव के मरीज उपचार हेतु प्रतिदिन आते हैं किन्तु एक बड़ी विडंबना है कि यहां डेढ़ वर्षों से डॉक्टर नहीं है जिसके कारण मरीज बहुत परेशान होते हैं मनोज ठाकुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पूछा गया कि आखिर इस अस्पताल में रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति कब होगी। जहां डॉक्टर पंकज दुबे द्वारा कहा गया कि हम हर शनिवार को केवलारी से डॉक्टर को भेज रहे हैं साथ ही रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति अभी नहीं हो पाएगी इसलिए कि पूर्व में पदस्थ डॉक्टर इंद्रकुमार सतनाम द्वारा विभाग को दिया गया इस्तीफा शासन ने मंजूर नहीं किया है जिसके कारण यहां पोस्ट खाली नहीं दिख रही है पोस्ट खाली नहीं दिखने के कारण रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की जा सकती उनका इस्तीफा अभी शासन के समक्ष विचाराधीन है साथ ही पूरे प्रदेश में डॉक्टरों की कमी है हम प्रयास करेंगे की यहां जल्द से जल्द रेगुलर डॉक्टर की नियुक्ति करेंगे इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

# सिद्धबाबा में कदम संस्था का पौधारोपण, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



जगप्रेरणा लखनादौन।

***पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्यरत कदम संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार की भांति इस सप्ताह भी सिद्धबाबा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता करते हुए पौधे लगाए और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।***

इस अवसर पर आज के 'कदम साथी' के रूप में कैलाश गोलहनी ने पौधारोपण कर अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से रासायनिक कीटनाशकों (पेस्टिसाइड) से तैयार सब्जियों का उपयोग कम करें तथा अपने घर, आंगन, छत और गमलों में गोबर की खाद से जैविक तरीके से सब्जियां उगाकर उनका उपयोग करें। इससे परिवार स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में अपर वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह, कदम संस्था की प्रमुख मंजू साहू, केशरी गोलहनी सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

कदम संस्था का यह साप्ताहिक पौधारोपण अभियान क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास भी करा रहा है।

## 31 जुलाई तक कराएं फसल बीमा..

**प्राकृतिक आपदाओं से फसल सुरक्षा का मिलेगा लाभ..**

**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफमौसम 2026 के लिए अधिसूचित फसलों का बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी ऋणी एवं गैर-ऋणी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके। योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, ओलावृष्टि, कीट एवं रोगों के कारण फसल को होने वाले नुकसान पर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। कृषि विभाग ने किसानों से समय रहते आवेदन करने की अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। खरीफ2026 के लिए अधिसूचित फसलों पर किसान अंश प्रीमियम दर प्रति हेक्टेयर के अनुसार धान (सिंचित) 1004 रूपये , धान (असिंचित) 680 रूपये , मक्का 740 रूपये, उड़द 564 रूपये तथा सोयाबीन 758 रूपये निर्धारित की गई है। किसान अपने निकटतम बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा अधिकृत बीमा कंपनी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से आग्रह किया है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते फसल बीमा कराकर योजना का लाभ सुनिश्चित करें।

## 31 जुलाई को अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित होगा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय सहित जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 31 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भैरोगंज, सिवनी (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस) में अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थी, जिनके अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरण लंबित हैं, निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उनके प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने जिले के सभी संबंधित एवं पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित अनुकंपा नियुक्ति शिविर में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण का लाभ प्राप्त करें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, गंभीर..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के सारसडोल गांव में बीते दिवस युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।***

जानकारी के अनुसार सारसडोल निवासी रामकिशन कुमरे (25) रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से गांव से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रास्ते में खड़ी एक वृद्ध महिला की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। पास खड़े एक शख्स ने इसे अपने परिवार की महिला की ओर इशारा समझ लिया, जिसके बाद दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद उग्र हो गया और आरोपी ने रामकिशन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

### प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर रेफर

घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण घायल रामकिशन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी की तलाश जारी..

घटना की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद का निपटारा शांति और कानून के दायरे में रहकर करें।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# उद्यम पंजीयन शिविर में लांजी के 52 लोगों ने कराया पंजीयन




जगप्रेरणा लांजी।

***ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार, 27 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत लांजी के आजीविका मिशन कार्यालय में उद्यम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।***

शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया और उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई। यह शिविर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफके मार्गदर्शन, जिला परियोजना प्रबंधक स्वाति महतो, जिला प्रबंधक मुकेश बिसेन के निर्देशन तथा जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर के सफल संचालन में उद्यम सखी एवं बैंक सखियों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान कुल 52 हितग्राहियों का उद्यम पंजीयन किया गया, जबकि 10 अन्य हितग्राहियों के दस्तावेजों की प्रक्रिया जारी है, जिनका पंजीयन दस्तावेज पूर्ण होने के बाद किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड प्रबंधक राजाराम परते, सहायक विकासखंड प्रबंधक सुनीता चन्ने एवं अतीत फूलमारी की विशेष भूमिका रही। वहीं कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर होलेश पाचे, कार्यालय सहायक कुशन मटाले, निर्भया संकुल स्तरीय संगठन के कर्मचारियों तथा बैंक सखियों ने भी समर्पण भाव से कार्य करते हुए शिविर को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को औपचारिक रूप से पंजीकृत कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर स.शि.म. में वीर सैनिकों के शौर्य को किया नमन..

## पूर्व सैनिक रूप कुमार बिसेन का सम्मान






जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 27 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक रूप कुमार बिसेन सेवानिवृत्ति सूबेदार, कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति सचिव व व्यवस्थापक***

विजय रामटेक्कर, योगेंन्द्र दहिकर खंड कार्यवाह एवं प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी मंचासीन रहे। इन अतिथियों के द्वारा मां भारती एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। वाणी वंदना हुई वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। रूप कुमार बिसेन पूर्व सैनिक को समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट देकर स्वागत किया गया। कु. मेघा पांचे बहन ने कारगिल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। पूर्व सैनिक एवं पूर्व छात्र अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस विद्यालय की समिति एवं शाला परिवार को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे विद्यालय में आमंत्रित कर स्वागत किया। कारगिल युद्ध के समय में नौकरी पर नहीं लगा था किंतु युद्ध की बातें सुनकर मेरे मन में देशभक्ति का जज्बा उत्पन्न हुआ, मैं भारतीय सेवा में जाने का एक लक्ष्य बना लिया कारगिल की ऊंची और बर्फसे ढकी पहाड़ियों पर लड़ना हमारे भारतीय सैनिकों के लिए बहुत कठिन था इसके बावजूद भी सैनिकों ने अपना अदम्य, साहस,धैर्य और वीरता परिचय देते हुए अपने प्राणों की परवाह न करते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए और दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया,और ऊंची पहाड़ियों पर तिरंगा झंडा फहरा दिए। राष्ट्र सर्वोपरि है, हमें सैनिकों के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। सैनिक हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं,भैया बहनों आप भी भविष्य में अपने देश की सेवा का हिस्सा बनने का प्रयत्न करना चाहिए।सेना में भी कई तरह के पद होते हैं अपना एक लक्ष्य बनाकर पढ़ना चाहिए इसे अपना और परिवार समाज गांव और देश का नाम रोशन होता है, प्राचार्य दिनेश गोस्वामी ने कहा की पूर्व सैनिक आज हमारे बीच है वह हमारे विद्यालय के पूर्व छात्र है इससे हमें बहुत ही गर्व हो रहा है कि इन्होंने अपना कार्यकाल पूर्ण कर हमारे बीच उपस्थिति दर्ज की। हमारे कई पूर्व छात्र भी ऊंचे-ऊंचे पद पर आसीन है और जब वह हमसे मिलते हैं तो हमें बहुत ही गर्व होता है। कारगिल दिवस हमें याद दिलाता है उन वीरों कि जो दुश्मनों को कम समय में ही पराक्रम धैर्य साहस एवं अपना बलिदान देकर हमारी मातृभूमि को विजय दिलाई। हमारी सीमाओं की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है हर मौसम में सेवा भाव, देशभक्ति और अनुशासन को सर्वोपरि रखते है।आप भी देश की रक्षा की खातिर सदैव तत्पर रहना चाहिए । कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिक बिसेन, अतिथिगण आचार्य परिवार एवं भैया बहनों सभी ने अपना अमूल्य समय प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन त्र्यंबक भगत ने किया।

# नारायण सेवा समिति का काशी में होगा गुरु पूर्णिमा उत्सव..




जगप्रेरणा लांजी।

***सावन माह व गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा कोटेश्वर की नगरी लांजी से रविवार शाम 7:30 बजे नारायण सेवा समिति लांजी के अध्यक्ष बेनीराम ढोक के सानिध्य में काशी धर्म पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य***

स्वामी श्री नारायणनन्दजी तीर्थ महाराज के 200 शिष्यों का शिष्यमण्डल लेकर तीर्थयात्रा पर रवाना हुए। तीर्थयात्रा का मार्ग प्रयागराज, अयोध्या होते हुए वाराणसी तक रहेगा जहां वे भगवान राम की नगरी अयोध्या और भगवान शिव के हृदयस्थल काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इस दौरान वे काशी धर्म पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री नारायणनन्दजी तीर्थ महाराज के आश्रम में रूककर गुरू पूर्णिमा पर्व मनाएंगे।

यात्रा के दौरान शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा एवं सावन की परंपरागत भक्ति पर आधारित कार्यक्रमों में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा आरंभ की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुओं ने उन्हें विदा दी और यात्रा की सफलता व सुरक्षित आगमन की कामना की।

# 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई, अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते***

जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (ह्त्रह्) के लिए 'श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा' सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफलोहा लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग ने विशेष श्रेणियों को शामिल किया है। इनमें 'मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार' और 'राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार' प्रमुख हैं, जो उन महिलाओं और पुरुषों को दिए जाएंगे जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर किसी महिला के सम्मान और गरिमा की रक्षा की हो।

मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार राज्य स्तर पर चार और जिला स्तर पर दो विजेताओं को दिया जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर पचास हजार रुपये की सम्मान राशि तय की गई है। इसके अतिरिक्त, अपने ऊपर हुए किसी भी प्रकार के हमले या हिंसा का डटकर मुकाबला करने वाली और आत्मरक्षा की अनूठी मिसाल पेश करने वाली जांबाज महिलाओं को 'अरुणा शानबाग वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन का निर्धारित प्रारूप विभागीय वेबसाइट (222.द्ब्श्च2ष्स्त्रद्बद्धह्य.द्दश1.द्बठ्ठ) से डाउनलोड कर सकते हैं या सीधे अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदनों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि से पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र पर उस विशिष्ट पुरस्कार का नाम साफतौर पर लिखा होना चाहिए जिसके लिए दावेदारी की जा रही है। साथ ही, आवेदन में एक अनुक्रमणिका (इंडेक्स) लगाना और सभी पृष्ठों पर नंबर डालना अनिवार्य है ताकि स्क्रूटनी के समय पारदर्शिता बनी रहे। जिन योग्य उम्मीदवारों ने पूर्व में ही समय-सीमा में अपने आवेदन जमा कर दिए थे, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है, उनके पुराने आवेदनों को पूरी तरह वैध माना जाएगा।

हालांकि, यदि वे इस बीच किए गए अपने किन्हीं अतिरिक्त कार्यों का विवरण स्वेच्छा से जोडऩा चाहते हैं, तो वे नया आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में विभाग केवल उनके नवीन आवेदन पर ही विचार करेगा। तय समय-सीमा यानी 31 अगस्त 2026 के बाद मिलने वाले किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं न. 15800847 x L / HAV राकेश कुमार ग्राम + पोष्ट लालपुर तह. वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. 481335 का निवासी हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे माताजी का नाम गलत है, जिसे मैं आधार कार्ड के अनुसार देवेला बाई से देवला चौधरी करवाना चाहता हूँ आगे चलकर मेरी माताजी को आधार कार्ड के अनुसार देवला चौधरी से पहचाना जाए।

## Name change notice

I no. 15800847x L /HAV Rakesh Kumar Resident vill post - Lalpur, Warasewoni] Balaghat MP (481335) have changed my mother name Devela Bai form to Devla Choudhary as par my Aadhaar card that my date of birth is 03 Aug 1969 (three Aug Ninteen Sixty nine (1969)). Vide affidauit date 08/07/26 warasewoni court

# उपभोक्ता आयोग के हस्तक्षेप से उपभोक्ता को मिली नई 65 इंच की एलईडी टीवी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बालाघाट के हस्तक्षेप से उपभोक्ता शाहनाज कुरेशी को नई 65 इंच की एलईडी टीवी उपलब्ध कराई गई। आयोग के समक्ष दर्ज प्रकरण में सुनवाई के बाद संबंधित कंपनी द्वारा समझौते के तहत नई टीवी प्रदान कर मामले का निराकरण किया गया।***

जानकारी के अनुसार, शाहनाज कुरेशी ने वर्ष 2021 में 65 इंच की एलईडी टीवी 60 हजार रुपये में खरीदी थी। वारंटी अवधि के दौरान टीवी में खराबी आने पर उन्होंने विक्रेता एवं कंपनी से कई बार संपर्क किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने 8 अप्रैल 2026 को जिला उपभोक्ता आयोग में सेवा में कमी का मामला दर्ज कराया। प्रकरण में नई टीवी अथवा कीमत वापस करने के साथ मानसिक, शारीरिक एवं वाद व्यय की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान विक्रेता उपस्थित नहीं हुआ, जबकि टीवी निर्माता कंपनी ने आयोग के समक्ष उपस्थित होकर समझौता किया। कंपनी ने उपभोक्ता को 79,260 रुपये मूल्य की नई 65 इंच की एलईडी टीवी एक वर्ष की वारंटी सहित प्रदान की।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सोनकर, वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक तथा सदस्य श्रीमती हर्षा विजयवार की पीठ के समक्ष प्रकरण का निराकरण हुआ।

# गायत्री शक्ति पीठ में कल गुरु पूर्णिमा उत्सव..

## गायत्री यज्ञ का होगा आयोजन..



जगप्रेरणा लांजी।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के बस स्टेंड भिलाई रोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आगामी 29 जुलाई दिन बुधवार को गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया जायेगा। गायत्री शक्तिपीठ लांजी के परिव्राजक विनोद तिड़के ने जानकारी में बताया कि गुरुपूर्णिमा गुरु अनुशासन का पर्व है। इस दिन सभी शिष्य अपने गुरुधाम या निकट के शक्तिपीठ में जाकर दर्शन लाभ ले और यज्ञ में देव दक्षिणा स्वरुप प्रायश्चित आहुति अवस्य दे। संकल्प लेकर गुरु कार्य करे तो सफल अवश्य होगे। इस अवसर प्रातः 8 बजे से तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नगर व क्षेत्र के सभी धर्मावलंबी भाई बहनों से इस कार्यक्रम में आकर पुष्य-लाभ लेने की अपील की है।

# जिले में अब तक 481 मिमी औसत वर्षा, सामान्य से 221 मिमी कम बारिश दर्ज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में मानसून की रफ्तार अब तक सामान्य से धीमी बनी हुई है। 01 जून से 27 जुलाई 2026 तक जिले में 481 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में सामान्यतः 702 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए।***

इस प्रकार जिले में अब तक 221 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में 803 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर है।

27 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में वारासिवनी तहसील में 5 मिमी, किरनापुर में 2 मिमी तथा लांजी एवं कटंगी तहसीलों में 1-1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में इस अवधि के दौरान 01 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो 01 जून से 27 जुलाई तक किरनापुर तहसील में सर्वाधिक 632 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 284 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

जबकि बालाघाट तहसील में 605 मिमी, वारासिवनी में 596 मिमी, बैहर में 540 मिमी, लालबर्रा में 508 मिमी, तिरोड़ी में 498 मिमी, लांजी में 475 मिमी, परसवाड़ा में 434 मिमी, कटंगी में 409 मिमी और बिरसा तहसील में 309 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान जिले में औसत 803 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। उस समय बालाघाट में 1036 मिमी, वारासिवनी में 1195 मिमी, बैहर में 921 मिमी, लांजी में 490 मिमी, कटंगी में 813 मिमी, किरनापुर में 756 मिमी, खैरलांजी में 350 मिमी, लालबर्रा में 968 मिमी, बिरसा में 569 मिमी, परसवाड़ा में 958 मिमी तथा तिरोड़ी में 771 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।



**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433





**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433


# उद्यम पंजीयन शिविर में लांजी के 52 लोगों ने कराया पंजीयन

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार, 27 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत लांजी के आजीविका मिशन कार्यालय में उद्यम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।***





शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया और उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई। यह शिविर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफके मार्गदर्शन, जिला परियोजना प्रबंधक स्वाति महतो, जिला प्रबंधक मुकेश बिसेन के निर्देशन तथा जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर के सफल संचालन में उद्यम सखी एवं बैंक सखियों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान कुल 52 हितग्राहियों का उद्यम पंजीयन किया गया, जबकि 10 अन्य हितग्राहियों के दस्तावेजों की प्रक्रिया जारी है, जिनका पंजीयन दस्तावेज पूर्ण होने के बाद किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड प्रबंधक राजाराम परते, सहायक विकासखंड प्रबंधक सुनीता चन्ने एवं अतीत फूलमारी की विशेष भूमिका रही। वहीं कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर होलेश पाचे, कार्यालय सहायक कुशन मटाले, निर्भया संकुल स्तरीय संगठन के कर्मचारियों तथा बैंक सखियों ने भी समर्पण भाव से कार्य करते हुए शिविर को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को औपचारिक रूप से पंजीकृत कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर स.शि.म. में वीर सैनिकों के शौर्य को किया नमन..

## पूर्व सैनिक रूप कुमार बिसेन का सम्मान

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 27 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक रूप कुमार बिसेन सेवानिवृत्ति सूबेदार, कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति सचिव व व्यवस्थापक***









विजय रामटेक्कर, योगेंन्द्र दहिकर खंड कार्यवाह एवं प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी मंचासीन रहे। इन अतिथियों के द्वारा मां भारती एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। वाणी वंदना हुई वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। रूप कुमार बिसेन पूर्व सैनिक को समिति एवं विद्यालय परिवार द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट देकर स्वागत किया गया। कु. मेघा पांचे बहन ने कारगिल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। पूर्व सैनिक एवं पूर्व छात्र अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस विद्यालय की समिति एवं शाला परिवार को धन्यवाद देता हू, जिन्होंने मुझे विद्यालय में आमंत्रित कर स्वागत किया। कारगिल युद्ध के समय में नौकरी पर नहीं लगा था किंतु युद्ध की बातें सुनकर मेरे मन में देशभक्ति का जज्बा उत्पन्न हुआ, मैं भारतीय सेवा में जाने का एक लक्ष्य बना लिया कारगिल की ऊंची और बर्फसे ढकी पहाड़ियों पर लड़ना हमारे भारतीय सैनिकों के लिए बहुत कठिन था इसके बावजूद भी सैनिकों ने अपना अदम्य, साहस,धैर्य और वीरता परिचय देते हुए अपने प्राणों की परवाह न करते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए और दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया,और ऊंची पहाड़ियों पर तिरंगा झंडा फहरा दिए। राष्ट्र सर्वोपरि है, हमें सैनिकों के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। सैनिक हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं,भैया बहनों आप भी भविष्य में अपने देश की सेवा का हिस्सा बनने का प्रयत्न करना चाहिए।सेना में भी कई तरह के पद होते हैं अपना एक लक्ष्य बनाकर पढ़ना चाहिए इसे अपना और परिवार समाज गांव और देश का नाम रोशन होता है, प्राचार्य दिनेश गोस्वामी ने कहा की पूर्व सैनिक आज हमारे बीच है वह हमारे विद्यालय के पूर्व छात्र है इससे हमें बहुत ही गर्व हो रहा है कि इन्होंने अपना कार्यकाल पूर्ण कर हमारे बीच उपस्थिति दर्ज की। हमारे कई पूर्व छात्र भी ऊंचे-ऊंचे पद पर आसीन है और जब वह हमसे मिलते हैं तो हमें बहुत ही गर्व होता है। कारगिल दिवस हमें याद दिलाता है उन वीरों कि जो दुश्मनों को कम समय में ही पराक्रम धैर्य साहस एवं अपना बलिदान देकर हमारी मातृभूमि को विजय दिलाई। हमारी सीमाओं की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है हर मौसम में सेवा भाव, देशभक्ति और अनुशासन को सर्वोपरि रखते है।आप भी देश की रक्षा की खातिर सदैव तत्पर रहना चाहिए । कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिक बिसेन, अतिथिगण आचार्य परिवार एवं भैया बहनों सभी ने अपना अमूल्य समय प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन त्र्यंबक भगत ने किया।

# नारायण सेवा समिति का काशी में होगा गुरु पूर्णिमा उत्सव..

जगप्रेरणा लांजी।

***सावन माह व गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा कोटेश्वर की नगरी लांजी से रविवार शाम 7:30 बजे नारायण सेवा समिति लांजी के अध्यक्ष बेनीराम ढोक के सानिध्य में काशी धर्म पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य***





स्वामी श्री नारायणनन्दजी तीर्थ महाराज के 200 शिष्यों का शिष्यमण्डल लेकर तीर्थयात्रा पर रवाना हुए। तीर्थयात्रा का मार्ग प्रयागराज, अयोध्या होते हुए वाराणसी तक रहेगा जहां वे भगवान राम की नगरी अयोध्या और भगवान शिव के हृदयस्थल काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इस दौरान वे काशी धर्म पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री नारायणनन्दजी तीर्थ महाराज के आश्रम में रूककर गुरू पूर्णिमा पर्व मनाएंगे।

यात्रा के दौरान शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा एवं सावन की परंपरागत भक्ति पर आधारित कार्यक्रमों में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा आरंभ की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुओं ने उन्हें विदा दी और यात्रा की सफलता व सुरक्षित आगमन की कामना की।

# 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई, अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते***

जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (ह्त्रह्) के लिए 'श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा' सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफलोहा लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग ने विशेष श्रेणियों को शामिल किया है। इनमें 'मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार' और 'राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार' प्रमुख हैं, जो उन महिलाओं और पुरुषों को दिए जाएंगे जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर किसी महिला के सम्मान और गरिमा की रक्षा की हो।

मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार राज्य स्तर पर चार और जिला स्तर पर दो विजेताओं को दिया जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर पचास हजार रुपये की सम्मान राशि तय की गई है। इसके अतिरिक्त, अपने ऊपर हुए किसी भी प्रकार के हमले या हिंसा का डटकर मुकाबला करने वाली और आत्मरक्षा की अनूठी मिसाल पेश करने वाली जांबाज महिलाओं को 'अरुणा शानबाग वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन का निर्धारित प्रारूप विभागीय वेबसाइट (222.द्बश्च2ष्स्त्रद्बद्बह्य.द्दश1.द्बठ्ठ) से डाउनलोड कर सकते हैं या सीधे अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदनों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि से पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र पर उस विशिष्ट पुरस्कार का नाम साफतौर पर लिखा होना चाहिए जिसके लिए दावेदारी की जा रही है। साथ ही, आवेदन में एक अनुक्रमणिका (इंडेक्स) लगाना और सभी पृष्ठों पर नंबर डालना अनिवार्य है ताकि स्क्रूटनी के समय पारदर्शिता बनी रहे। जिन योग्य उम्मीदवारों ने पूर्व में ही समय-सीमा में अपने आवेदन जमा कर दिए थे, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है, उनके पुराने आवेदनों को पूरी तरह वैध माना जाएगा।

हालांकि, यदि वे इस बीच किए गए अपने किन्हीं अतिरिक्त कार्यों का विवरण स्वेच्छा से जोडऩा चाहते हैं, तो वे नया आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में विभाग केवल उनके नवीन आवेदन पर ही विचार करेगा। तय समय-सीमा यानी 31 अगस्त 2026 के बाद मिलने वाले किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं न. 15800847 x L / HAV राकेश कुमार ग्राम + पोष्ट लालपुर तह. वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. 481335 का निवासी हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे माताजी का नाम गलत है, जिसे मैं आधार कार्ड के अनुसार देवेला बाई से देवला चौधरी करवाना चाहता हूँ आगे चलकर मेरी माताजी को आधार कार्ड के अनुसार देवला चौधरी से पहचाना जाए।

## Name change notice

I no. 15800847x L /HAV Rakesh Kumar Resident vill post - Lalpur, Warasewoni] Balaghat MP (481335) have changed my mother name Devela Bai form to Devla Choudhary as par my Aadhaar card that my date of birth is 03 Aug 1969 (three Aug Ninteen Sixty nine (1969)). Vide affidauit date 08/07/26 warasewoni court

# उपभोक्ता आयोग के हस्तक्षेप से उपभोक्ता को मिली नई 65 इंच की एलईडी टीवी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बालाघाट के हस्तक्षेप से उपभोक्ता शाहनाज कुरेशी को नई 65 इंच की एलईडी टीवी उपलब्ध कराई गई। आयोग के समक्ष दर्ज प्रकरण में सुनवाई के बाद संबंधित कंपनी द्वारा समझौते के तहत नई टीवी प्रदान कर मामले का निराकरण किया गया।***

जानकारी के अनुसार, शाहनाज कुरेशी ने वर्ष 2021 में 65 इंच की एलईडी टीवी 60 हजार रुपये में खरीदी थी। वारंटी अवधि के दौरान टीवी में खराबी आने पर उन्होंने विक्रेता एवं कंपनी से कई बार संपर्क किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने 8 अप्रैल 2026 को जिला उपभोक्ता आयोग में सेवा में कमी का मामला दर्ज कराया। प्रकरण में नई टीवी अथवा कीमत वापस करने के साथ मानसिक, शारीरिक एवं वाद व्यय की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान विक्रेता उपस्थित नहीं हुआ, जबकि टीवी निर्माता कंपनी ने आयोग के समक्ष उपस्थित होकर समझौता किया। कंपनी ने उपभोक्ता को 79,260 रुपये मूल्य की नई 65 इंच की एलईडी टीवी एक वर्ष की वारंटी सहित प्रदान की।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सोनकर, वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक तथा सदस्य श्रीमती हर्षा विजयवार की पीठ के समक्ष प्रकरण का निराकरण हुआ।

# गायत्री शक्ति पीठ में कल गुरु पूर्णिमा उत्सव..

## गायत्री यज्ञ का होगा आयोजन..

जगप्रेरणा लांजी।



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के बस स्टेंड भिलाई रोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आगामी 29 जुलाई दिन बुधवार को गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया जायेगा। गायत्री शक्तिपीठ लांजी के परिव्राजक विनोद तिड़के ने जानकारी में बताया कि गुरुपूर्णिमा गुरु अनुशासन का पर्व है। इस दिन सभी शिष्य अपने गुरुधाम या निकट के शक्तिपीठ में जाकर दर्शन लाभ ले और यज्ञ में देव दक्षिणा स्वरुप प्रायश्चित आहुति अवस्य दे। संकल्प लेकर गुरु कार्य करे तो सफल अवश्य होगे। इस अवसर प्रातः 8 बजे से तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नगर व क्षेत्र के सभी धर्मावलंबी भाई बहनों से इस कार्यक्रम में आकर पुष्य-लाभ लेने की अपील की है।

# जिले में अब तक 481 मिमी औसत वर्षा, सामान्य से 221 मिमी कम बारिश दर्ज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में मानसून की रफ्तार अब तक सामान्य से धीमी बनी हुई है। 01 जून से 27 जुलाई 2026 तक जिले में 481 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में सामान्यतः 702 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए।***

इस प्रकार जिले में अब तक 221 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में 803 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर है।

27 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में वारासिवनी तहसील में 5 मिमी, किरनापुर में 2 मिमी तथा लांजी एवं कटंगी तहसीलों में 1-1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में इस अवधि के दौरान 01 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो 01 जून से 27 जुलाई तक किरनापुर तहसील में सर्वाधिक 632 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 284 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

जबकि बालाघाट तहसील में 605 मिमी, वारासिवनी में 596 मिमी, बैहर में 540 मिमी, लालबर्रा में 508 मिमी, तिरोड़ी में 498 मिमी, लांजी में 475 मिमी, परसवाड़ा में 434 मिमी, कटंगी में 409 मिमी और बिरसा तहसील में 309 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान जिले में औसत 803 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। उस समय बालाघाट में 1036 मिमी, वारासिवनी में 1195 मिमी, बैहर में 921 मिमी, लांजी में 490 मिमी, कटंगी में 813 मिमी, किरनापुर में 756 मिमी, खैरलांजी में 350 मिमी, लालबर्रा में 968 मिमी, बिरसा में 569 मिमी, परसवाड़ा में 958 मिमी तथा तिरोड़ी में 771 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।




जहां सोने, चांदी, हीरे जड़ित आभूषणों की हर कृति में मिलता है..

समय का स्पर्श और हर आभा में वंश की गरिमा..



परंपरा और भरोसे के 38 साल

शांति ज्वेलर्स..

नया सराफा, मेन रोड, बालाघाट





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## ज्ञानेश्वरी यादव ने भारत को वेटलिफ्टिंग में दिलाया सिल्वर मेडल, नाइजीरिया की झोली में गया गोल्ड..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत की स्टार वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 53 किलोग्राम कैटेगिरी में सिल्वर मेडल अपने नाम कर लिया।***



इस उपलब्धि के साथ उन्होंने भारत के मेडल्स की संख्या में इजाफा करते हुए देश को 5वां मेडल दिलाया। ऋषिकांत सिंह (सिल्वर), मीराबाई चानू (गोल्ड) और राजा मुथुपांडी (सिल्वर) के बाद वह कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पोडियम तक पहुंचने वाली चौथी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं। ज्ञानेश्वरी ने कुल 199 किलोग्राम (स्नैच में 88 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 111 किलोग्राम) वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। इस इवेंट में गोल्ड मेडल नाइजीरिया की झोली में गया। नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला डिडिह (206 किलोग्राम) ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि कनाडा की रेबेका ग्रौलक्स (178 किलोग्राम) ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

### नाइजीरिया की वेटलिफ्टर को मिली कड़ी टक्कर..

23 साल की इस खिलाड़ी ने स्नैच कैटेगरी में कॉम्पिटिशन की शुरुआत की और अपने पहले ही प्रयास में 82**kg** का वजन आसानी से उठा लिया। अगले दो प्रयासों में उन्होंने क्रमशः 85**kg** और 88**kg** वजन उठाया।

इस तरह स्नैच कैटेगरी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88द्मद्द दर्ज किया गया। हालांकि, स्नैच राउंड खत्म होने के बाद ज्ञानेश्वरी पीछे चल रही थीं क्योंकि नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला डिडिह ने 93**kg** वजन उठाकर एक बड़ा लक्ष्य सेट कर दिया था।

क्लीन एंड जर्क सेक्शन में ज्ञानेश्वरी ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए 103**kg** वजन उठाया, जिससे वह महिलाओं के 53**kg** फाइनल में लीडरबोर्ड पर सबसे ऊपर पहुंच गईं। हालांकि, डिडिह ने क्लीन एंड जर्क राउंड में अपनी पहली कोशिश में 105द्मद्द वजन उठाया और ज्ञानेश्वरी को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इसके बाद युवा भारतीय लिफ्टर ने अपनी दूसरी कोशिश में 107**kg** वजन उठाया, लेकिन इससे वह टॉप पर नहीं पहुंच सकीं और दूसरे स्थान पर ही बनी रहीं। इसके बाद नाइजीरियाई लिफ्टर ने अगली कोशिश में 110**kg** वजन उठाने की कोशिश की और सफल होने पर उन्होंने अपने लिए गोल्ड मेडल पक्का कर लिया, जबकि ज्ञानेश्वरी को सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा।

हालांकि, भारतीय लिफ्टर ने प्रतियोगिता की अपनी तीसरी और आखिरी कोशिश में 119द्मद्द वजन सफलतापूर्वक उठाकर प्रतियोगिता का समापन किया।

### छत्तीसगढ़ से इंटरनेशनल मंच तक का सफर..

छत्तीसगढ़ की रहने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कम उम्र में ही वेटलिफ्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने खुद को भारत की शीर्ष महिला वेटलिफ्टरों में स्थापित किया। वर्तमान में वह पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान **(NS NIS)** में राष्ट्रीय कोचिंग कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं।

## रसोई में जमी 'बिट्टू और बिट्टी' की जोड़ी, हंसाते-हंसाते अली और जन्नत बने 'लाफ्टर शेफ्स 3' के चैंपियन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी जगत की लोकप्रिय जोड़ी अली गोनी और जन्नत जुबैर ने रिएलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्सः अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के तीसरे सीजन की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। हफ्तों तक चले कुकिंग चैलेंजेस,***



आपसी हंसी-मजाक और सेलिब्रिटी जोड़ियों के बीच चले मुकाबले के बाद इस जोड़ी ने रविवार को आयोजित ग्रैंड फिनाले में जीत हासिल की। कॉमेडी और कुकिंग के इस अनूठे मेल वाले शो को भारती सिंह ने होस्ट किया था, जबकि मशहूर शेफहरपाल सिंह सोखी जज की भूमिका में थे। पूरे सीजन के दौरान प्रतियोगियों ने कठिन रेसिपीज, कम समय और हल्की-फुल्की प्रतिस्पर्धा का डटकर सामना किया। शो में कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी की जुगलबंदी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और कॉमेडी का तड़का लगाए रखा।

### शानदार केमिस्ट्री और सोशल मीडिया पर जश्न..

जीत के इस खास पल का जश्न मनाते हुए जन्नत जुबैर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अली गोनी और शो के अन्य साथियों के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए जन्नत ने एक बेहद भावुक और प्यारा कैप्शन भी लिखा।

उन्होंने लिखा कि वे इस शो को जीतने का अनुभव अली गोनी के अलावा किसी और के साथ सोच भी नहीं सकती थीं। जन्नत ने आगे कहा कि इस शो के सफर ने उन्हें एक सबसे अच्छा दोस्त दिया और दोनों ने मिलकर यह ट्रॉफी जीती। उन्होंने दर्शकों से मिले प्यार के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया। पूरे सीजन में दोनों एक-दूसरे को प्यार से 'बिट्टू' और 'बिट्टी' कहकर बुलाते थे, जिसे फैंस ने भी काफी पसंद किया।

### रसोई में अली और जन्नत का बेमिसाल तालमेल..

अली गोनी और जन्नत जुबैर का तालमेल और निरंतरता ही वह मुख्य वजह रही जिसने उन्हें बाकी जोड़ियों से अलग और आगे रखा। जहां एक तरफ जन्नत ने रसोई में हर नई रेसिपी को सीखने का उत्साह दिखाया,

वहीं दूसरी तरफ अली ने अपने आत्मविश्वास से कठिन से कठिन डिश को आसान बना दिया। कई मुश्किल टास्क और अचानक मिले ट्विस्ट के बावजूद दोनों ने कभी हार नहीं मानी और एक मजबूत टीम की तरह हर चुनौती को पार किया।

### रोहित शेट्टी की एंट्री और 'खतरों के खिलाड़ी' का तड़का..

इस ग्रैंड फिनाले को और भी ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए बॉलीवुड के जाने-माने एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी और उनके आगामी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रतिभागियों ने खास शिरकत की।

स्टंट्स की दुनिया से निकलकर रसोई में पहुँचे इन मेहमानों ने शो में जबरदस्त तड़का लगाया और शाम को हंसी से सराबोर कर दिया। इसी धमाकेदार माहौल के बीच जजों ने अली गोनी और जन्नत जुबैर के नाम का ऐलान विजेता के रूप में किया।

स्वादिष्ट व्यंजनों, ठहाकों और रोमांचक कुक-ऑफ के बीच 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' का यह सफर बेहद शानदार नोट पर समाप्त हुआ। यह शो कलर्स टीवी पर प्रसारित किया गया और डिजिटल प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हुआ।

## राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिपः भारत ने जीत के साथ किया दमदार आगाज..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने सोमवार को 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए क्रमशः जिम्बाब्वे और मालदीव को 3-0 से हराया।***




पुरुष वर्ग के ग्रुप-ए के मुकाबले में राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मानव ठक्कर ने ताइंडा मुमवुमा को 11-3, 11-2, 11-6 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अनुभवी हरमीत देसाई ने तापिवा मुसारुरवा को 11-5, 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। युवा खिलाड़ी पायस जैन ने विक्रम सिंह को 11-3, 11-3, 11-8 से पराजित कर भारत की 3-0 की एकतरफा जीत सुनिश्चित की।

इसी ग्रुप के अन्य मुकाबले में मलेशिया ने वेल्स को 3-0 से हराया। ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया और नामीबिया को क्रमशः जमैका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ3-0 का वॉकओवर मिला। ग्रुप-सी में इंग्लैंड ने साइप्रस को 3-0 से हराया, जबकि न्यूजीलैंड ने फॉकलैंड द्वीपसमूह को इसी अंतर से मात दी। ग्रुप-डी में कनाडा ने स्कॉटलैंड को 3-0 से पराजित किया, जबकि सिंगापुर ने उत्तरी आयरलैंड को 3-0 से शिकस्त दी। महिला वर्ग के ग्रुप-बी में भारत ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मालदीव को बिना कोई गेम गंवाए 3-0 से हराया। सुतिर्था मुखर्जी ने फातिमथ धीमा अली को 11-4, 11-2, 11-5 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद यशस्विनी घोरपड़े ने आयशथ रफा नाज़िम को 11-2, 11-5, 11-7 से मात दी। स्वास्तिका घोष ने मिश्का मोहम्मद इब्राहिम को 11-3, 11-5, 11-2 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। पहले दिन का सबसे बड़ा उलटफेर महिला ग्रुप-ए में देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंगापुर को श्रीलंका के खिलाफ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रोमांचक मुकाबले हालांकि सिंगापुर ने 3-2 की मुश्किल जीत दर्ज की। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में ग्रुप-बी में उत्तरी आयरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराया। ग्रुप-सी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने क्रमशः बांग्लादेश और साइप्रस को 3-0 से मात दी। ग्रुप-डी में कनाडा को बोत्सवाना के खिलाफ वॉकओवर मिला, जबकि मलेशिया ने स्कॉटलैंड को 3-0 से पराजित किया।

## 'अपनी गंदगी दिखा रहे', CJP प्रोटेस्ट के वायरल रील्स देख कंगना रनौत हुईं निराश, GenZ के प्रदर्शन को बताया 'घिनौना'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिमाचल प्रदेश की मंडी से लोकसभा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत एक बार फिर चर्चा में हैं। कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन खत्म होने और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है,***



जिसमें उन्होंने सीजेपी के प्रोटेस्ट पर निशाना साधा है। अपने पोस्ट में उन्होंने खुलकर जंतर-मंतर पर सीजेपी के विरोध प्रदर्शन की आलोचना की है और प्रदर्शन के दौरान बनाई जा रही रील्स और इसमें इस्तेमाल की गई भाषा पर नाराजगी जताते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जिंदगी में उन्होंने एक ही जगह पर इतनी बदसूरती पहले कभी नहीं देखी। कंगना रनौत का ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है।

### सीजेपी प्रोटेस्ट पर कंगना रनौत का पोस्ट..

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए खत्म हो चुके सीजेपी प्रोटेस्ट पर नाराजगी जाहिर की है। अपने पोस्ट में कंगना ने लिखा- 'मैंने अपनी पूरी जिंदगी में एक ही जगह पर इतनी सारी बदसूरत चीजें नहीं देखीं। त्द्गठ्ठ के विरोध-प्रदर्शनों की जो रील्स वायरल हो रही हैं, उन्हें देखकर तो उल्टी ही आ जाए। जिस तरह ये बात करते हैं और जिस भाषा में बात करते हैं, वह बहुत घटिया है। मैंन अपनी जिंदीग में कभी भी हर फ्रेम में इतनी भद्दी और घटिया चीजें एक साथ नहीं देखी हैं।'

### सोशल मीडिया डिटोक्स पर कंगना रनौत..

कंगना अपने पोस्ट में सीजेपी प्रोटेस्ट में शामिल हुए स्टूडेंट्स की परवरिश पर सवाल उठाते हुए आगे लिखती हैं- 'छी, आखिर इन लोगों को जन्म कौन दे रहा है और इनकी परवरिश कौन कर रहा है? भारत तरह-तरह के खूबसूरत लोगों का देश है। ऐसे लोग, जो शालीनता से सजे-धजे हैं और सांस्कृतिक समझ-बूझ से जुड़े हुए हैं। आप खुद को कॉकरोच कहते हैं और उन्हीं की तरह दिखते और बर्ताव भी करते हैं। इसमें कोई विरोधाभास या उलट-फेर नहीं है, आप सभी बस इस दुनिया को अपनी गंदगी, कचरे और बदसूरती का शिकार बना रहे हैं। इन तमाम रील्स ने मुझ पर गहरा असर डाला है, मुझे ठीक होने के लिए अब डिजिटल डिटॉक्स की जरूरत है।'

### पहले भी सीजेपी प्रोटेस्ट पर साध चुकी हैं निशाना..

कंगना रनौत इससे पहले भी सीजेपी प्रोटेस्ट पर निशाना साध चुकी हैं। उन्होंने 20 जुलाई को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था- 'लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को ऐसे झुकाया नहीं जा सकता।

विपक्ष सरकार को इस बात के लिए मजबूर नहीं कर सकता कि किसे किस पद पर बनाए रखना है और किसे हटाना है। जनता द्वारा चुनी गई सरकार के पास ये तय करने का पूरा अधिकार है कि शासन व्यवस्था कैसे चलाना है। अगर उन्हें सरकार चलाने का इतना शौक है, तो उन्हें चुनाव लड़कर सत्ता में आना चाहिए।'

## CWG 2026 में भारतीय मुक्केबाज जादुमणि सिंह ने पाकिस्तानी बॉक्सर को चटाई धूल, कहा- ये जीत कारगिल के वीरों को समर्पित..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय स्टार मुक्केबाज जादुमणि सिंह ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पाकिस्तान के सुमामा रहमान को 5-0 से मात दी है। इस शानदार जीत के साथ ही उन्होंने 55 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।***



इस पूरे मैच के दौरान जादुमणि ने अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को संभलने का मौका तक नहीं दिया। मैच जीतने के बाद उन्होंने अपनी इस जीत को कारगिल युद्ध के शहीद वीरों को समर्पित किया। अब उनकी नजर क्वार्टर फाइनल मैच जीतकर भारत के लिए पदक पक्का करने पर है। प्रतियोगिता के चौथे दिन भारत 3 मेडल जीतने में कामयाब रहा।

### जादुमणि के सामने पाकिस्तानी बॉक्सर ने टेके घुटने..

भारतीय मुक्केबाज ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बेहतरीन मुक्केबाजी, तेज चाल और मजबूत डिफेंस के दम पर तीनों राउंड में पाकिस्तानी खिलाड़ी वापस आने का कोई मौका नहीं दिया। पांच जजों ने एकतरफा फैसला भारत के पक्ष में सुनाया। तीन जजों ने 30-27 और दो जजों ने 29-28 से जादुमणि को विजेता घोषित कर दिया। इससे पहले भी उन्होंने अपने शुरुआती मैच में स्कॉटलैंड के मुक्केबाज कुलन को 5-0 से मात दी थी। लगातार दूसरी बार 5-0 से मिली इस शानदार जीत से जादुमणि ने ये साबित कर दिया कि वह इस समय अपने बेहतरीन फॉर्म में हैं।

### जादुमणि ने कारगिल युद्ध के वीरों को समर्पित की अपनी जीत..

बता दें कि 26 जुलाई को पूरे देश ने कारगिल विजय दिवस मनाया। पाकिस्तान के बॉक्स को धूल चटाने के बाद जादुमणि ने अपनी जीत को कारगिल युद्ध के वीरों को समर्पित की। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी इस जीत को कारगिल के वीरों को समर्पित करता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करके मुझे बहुत अच्छा लगा। क्वार्टर फाइनल में मैं इससे भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा और भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतूंगा।

### क्वार्टर फाइनल में किससे होगा जादुमणि का मुकाबला?

अब क्वार्टर फाइनल में जादुमणि का मुकाबला जाम्बिया और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह मुकाबला 28 जुलाई को स्थानीय समयानुसार शाम 7:45 बजे खेला जाएगा। इस मैच में जीत दर्ज करते ही वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे और पदक से सिर्फ एक कदम दूर रहेंगे। अब तक खेले गए दोनों मुकाबलों में जादुमणि ने जिस आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए वह भारत के लिए मेडल जीत सकते हैं। भारतीय फैंस को उनसे अब गोल्ड मेडल की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं।

## साउथ सुपरस्टार राम चरण अस्पताल में भर्ती, अमेरिकी डॉक्टरों की टीम ने की कलाई की पेचीदा सर्जरी, दी हेल्थ अपडेट..

डेस्क जगप्रेरणा।



साउथ सिनेमा के पावर स्टार राम चरण के फैंस उस समय चिंतित हो गए जब अभिनेता के हाथ में चोट लगने की खबरें इंटरनेट पर सामने आईं। यह चिंता तब और बढ़ गई जब उन्हें अपने परिवार के साथ कोयंबटूर रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पर देखा गया। अब अभिनेता के प्रशंसकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राम चरण के हाथ की सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी है और वे तेजी से रिकवरी की ओर बढ़ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म के सेट पर एक हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान यह हादसा हुआ था, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें जल्द से जल्द सर्जरी कराने की सलाह दी थी।

### कोयंबटूर के गंगा अस्पताल में हुई पेचीदा सर्जरी..

**India TV** को राम चरण की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक राम चरण को दाहिने हाथ की कलाई में गंभीर चोट आई थी, जो फिल्म 'पेड्डी' **(Peddi)** की शूटिंग के दौरान काफी बढ़ गई थी। इसके इलाज के लिए उन्हें कोयंबटूर के मशहूर गंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सूत्रों ने पुष्टि की कि सर्जरी पूरी तरह से सफल रही है। यह एक बेहद जटिल और पेचीदा प्रक्रिया थी, जिसे लैप्रोस्कोपिक विधि से बेहद सटीकता के साथ अंजाम दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने पूरी योजना के तहत इस प्रक्रिया को पूरा किया और फिलहाल राम चरण की स्थिति पूरी तरह स्थिर है।


### अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने किया ऑपरेशन

राम चरण की कलाई की चोट की गंभीरता को देखते हुए देश-विदेश के दिग्गज डॉक्टरों की टीम तैयार की गई थी। इस सर्जरी का नेतृत्व गंगा अस्पताल के चेयरमैन और वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ एस राजशेखरन ने किया। चोट की जटिलता को देखते हुए अमेरिका (मियामी) के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हैंड एंड रिस्ट सर्जन डॉ एलेजांद्रो बादिया को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। डॉ एस राजशेखरन, डॉ एलेजांद्रो बादिया, डॉ. प्रवीण भारद्वाज और विशेषज्ञ डॉक्टरों की पूरी टीम ने मिलकर इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया।

### मुश्किल वक्त में साथ खड़ा रहा परिवार, फैंस ने मांगी सलामती की दुआ..

इलाज और रिकवरी के इस पूरे दौर में राम चरण का परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ा रहा। कोयंबटूर में उनके प्रवास के दौरान पिता चिरंजीवी, मां सुरेखा और पत्नी उपासना लगातार अस्पताल में उनके साथ मौजूद रहे

और उनकी देखरेख की। मेडिकल टीम सर्जरी के नतीजों से काफी संतुष्ट है। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अपनी पेशेवर शूटिंग और काम पर वापस लौटने से पहले राम चरण अब एक तय रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम से गुजरेंगे, ताकि कलाई पूरी तरह ठीक हो सके। राम चरण के परिवार ने इस कठिन समय में मिले प्यार, प्रार्थनाओं और अटूट समर्थन के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों का दिल से शुक्रिया अदा किया है। फैंस भी उनके जल्द स्वस्थ होकर नई ऊर्जा के साथ सेट पर लौटने की कामना कर रहे हैं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## जलवायु परिवर्तन अब केवल प्राकृतिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं, इसमें मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है..

### जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का विषय नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बीमा उद्योग, वित्तीय बाजार और मानव अस्तित्व का प्रश्न बन गया है..

*गोंदिया - वैश्विक स्तरपर 26 जुलाई 2026 तक विश्व के विभिन्न हिस्सों से जो समाचार सामने आए हैं,वे केवल अलग -अलग प्राकृतिक आपदाओं की खबरें नहीं हैं, बल्कि यह संकेत हैं कि पृथ्वी अब जलवायु परिवर्तन के ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ चरम मौसम अपवाद नहीं, बल्कि नई वास्तविकता बनता जा रहा है।*

भारत के असम में विनाशकारी बाढ़,दिल्ली सहित उत्तर भारत में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी, यूरोप के फ्रांस और स्पेन में भीषण जंगल की आग, अमेरिका और एशिया में लगातार गर्मी की लहरें तथा समुद्री तापमान में वृद्धि,ये सभी घटनाएँ एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। वैज्ञानिक वर्षों से चेतावनी देते रहे हैं कि यदि वैश्विक तापमान को नियंत्रित नहीं किया गया तो वर्षा,सूखा, बाढ़,चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएँ अधिक तीव्र और अधिक बार होंगी।

आज यह भविष्यवाणी वास्तविकता का रूप ले चुकी है।असम में बाढ़ की स्थिति 18 जुलाई 2026 से गंभीर रूप से उभरनी शुरू हुई,26 जुलाई 2026 तक भी बाढ़ की स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई थी और राहत कार्य जारी थे। जलवायु परिवर्तन के कारण असम में आई भीषण बाढ़ से लगभग 6.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 66 लोगों की मृत्यु हुई है,दक्षिणी फ्रांस में बड़े पैमाने पर जंगलों में आग की घटनाएँ 5 जुलाई 2026 से शुरू हुई थीं।लेकिन 24-26 जुलाई 2026 के दौरान भीषण हीटवेव और तेज़ हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। फ्रांस के बोर्डो और स्पेन के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा तथा राष्ट्रीय स्तर पर आपातकालीन कार्रवाई की गई। जबकि यूरोप के जंगलों में लगी आग (दावानल) और भीषण गर्मी से दर्जनों लोगों की जान गई है तथा 1,16, 000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि जलवायु परिवर्तन केवल प्राकृतिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। अनियंत्रित औद्योगिकीकरण, अंधाधुंध वनों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग,अवैध खनन,नदियों और आर्द्रभूमियों पर अतिक्रमण तथा अनियोजित शहरीकरण ने प्रकृति का संतुलन गंभीर रूप से बिगाड़ा है। चिंता का विषय यह भी है

कि अनेक देशों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी कानून तो बनाए गए, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन में ढिलाई, निगरानी तंत्र की कमजोरी और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध समयबद्ध एवं कठोर कार्रवाई का अभाव दिखाई देता है। साथ ही, आम नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान अपेक्षित स्तर पर नहीं चल पाए हैं। परिणामस्वरूप, सरकार, उद्योग, स्थानीय प्रशासन और समाज,सभी की साझा जिम्मेदारी होने के बावजूद सामूहिक प्रयास पर्याप्त गति नहीं पकड़ सके हैं। अब आवश्यकता केवल नए कानून बनाने की नहीं, बल्कि मौजूदा कानूनों के प्रभावी पालन, पारदर्शी निगरानी और व्यापक जनभागीदारी के माध्यम से जलवायु संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की है।

साथियों पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा,बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बीमा उद्योग, वित्तीय बाजार और मानव अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। संयुक्त राष्ट्र, विश्व मौसम संगठन, आईपीसीसी तथा विश्व बैंक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित नहीं किया गया, तो आने वाले दशकों में करोड़ों लोग विस्थापन, जल संकट और खाद्य असुरक्षा का सामना करेंगे। 2026 में घट रही घटनाएँ इसी गंभीर चेतावनी का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम में इस वर्ष आई बाढ़ ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

अनेक जिलों में नदियाँ खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, हजारों परिवार राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं तथा कृषि, सड़क, पुल और सार्वजनिक ढाँचे को भारी क्षति पहुँची है।असम की बाढ़ कोई नई घटना नहीं है, परंतु वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा, ग्लेशियरों के पिघलने की गति तथा मौसम की अनिश्चितता ने बाढ़ की तीव्रता और आवृत्ति दोनों बढ़ा दी हैं। ब्रह्मपुत्र जैसी विशाल नदी अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित व्यवहार कर रही है, जिससे आपदा प्रबंधन की चुनौती कई गुना बढ़ गई है।

उधर उत्तर भारत में भारतीय मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा के लगातार अलर्ट यह संकेत देते हैं कि मानसून अब पहले जैसा नियमित और संतुलित नहीं रहा। कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है तो कहीं कुछ घंटों में महीने भर की वर्षा हो जाती है। यही जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी पहचान है,मौसम का असंतुलन। इससे शहरी बाढ़, भूस्खलन,फसल क्षति, यातायात अवरोध और जनजीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। बड़े महानगरों की जल निकासी व्यवस्था भी इस नई जलवायु चुनौती के सामने सटीकता से कमजोर साबित हो रही है।

साथियों, दूसरी ओर यूरोप के फ्रांस और स्पेन में जंगलों की आग ने हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र को नष्ट कर दिया है। भीषण गर्मी, शुष्क हवाएँ और लंबे समय तक वर्षा न होना इन आगों को और अधिक खतरनाक बना रहे हैं। जंगलों की आग केवल पेड़ों को नहीं जलाती, बल्कि करोड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में छोड़ती है, जिससे वैश्विक तापमान और बढ़ता है। इस प्रकार जलवायु परिवर्तन और जंगल की आग एक-दूसरे को और अधिक गंभीर बनाते हैं। इसे वैज्ञानिक क्लाइमेट फीडबैक लूप कहते हैं। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा आर्थिक प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है। अनियमित वर्षा अत्यधिक तापमान और बाढ़-सूखे के चक्र ने खाद्यान्न उत्पादन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह केवल किसानों की समस्या नहीं,बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था,खाद्य महँगाई और सामाजिक स्थिरता का विषय है।

यदि धान,गेहूँ, दालें, फल और सब्जियों का उत्पादन प्रभावित होगा तो इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब और महँगाई दर पर दिखाई देगा। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन अब केंद्रीय बैंकों और वित्त मंत्रालयों का भी सटीकता से चिंता का विषय बन चुका है। साथियों, स्वास्थ्य आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव दिखाई दे रहा है। बढ़ती गर्मी से हीट स्ट्रोक, हृदय रोग, श्वसन रोग और जलजनित बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

बाढ़ के बाद डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जल प्रदूषण से फैलने वाले रोगों का खतरा कई गुना बढ़जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि 21वीं सदी में जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक होगा।आर्थिक दृष्टि से देखें तो प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति बीमा कंपनियों, बैंकों, निवेशकों और शेयर बाजारों के लिए भी चुनौती बन रही है।

बाढ़,चक्रवात और जंगल की आग से होने वाले नुकसान का वित्तीय बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकारों को राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। इससे विकास परियोजनाओं और सामाजिक योजनाओं के लिए उपलब्ध संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। जलवायु परिवर्तन इसलिए केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की गति का भी प्रश्न है।ऊर्जा सुरक्षा भी इस संकट से अछूती नहीं है। अत्यधिक तापमान के कारण बिजली की माँग रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच जाती है, जबकि सूखे के कारण जल विद्युत उत्पादन प्रभावित होता है।

दूसरी ओर जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता बढ़ने से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन और अधिक बढ़ता है। इसलिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और ऊर्जा दक्षता अब केवल पर्यावरणीय विकल्प नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक आवश्यकता बन चुके हैं। साथियों, विश्व स्तरपर सीओपी सम्मेलनों में अनेक देशों ने नेट-ज़ीरो उत्सर्जन का लक्ष्य घोषित किया है।

भारत ने भी 2070 तक नेट-ज़ीरो का लक्ष्य रखा है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, इलेक्ट्रिक वाहनों, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन तथा ऊर्जा संक्रमण पर तेजी से कार्य कर रहा है। किंतु विशेषज्ञों का मत है कि केवल सरकारी नीतियाँ पर्याप्त नहीं होंगी; उद्योग, नगर प्रशासन, कृषि क्षेत्र और आम नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है।भारत के लिए जलवायु परिवर्तन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहाँ हिमालय, लंबी समुद्री तटरेखा, विशाल कृषि क्षेत्र और करोड़ों लोगों की आजीविका सीधे मौसम पर निर्भर है। हिमालयी ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र स्तर का बढ़ना, चक्रवातों की तीव्रता, हीट वेव और अनियमित मानसून आने वाले वर्षों में भारत की विकास रणनीति को प्रभावित करेंगे।

इसलिए जलवायु अनुकूल बुनियादी ढाँचा, स्मार्ट जल प्रबंधन, शहरी नियोजन और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली पर बड़े निवेश की आवश्यकता है।आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता,उपग्रह प्रौद्योगिकी,ड्रोन,बिग डेटा और मौसम मॉडलिंग जलवायु प्रबंधन के महत्वपूर्ण उपकरण बन चुके हैं। बेहतर पूर्वानुमान, समय पर चेतावनी, फसल सलाह और आपदा प्रबंधन में इन तकनीकों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। भविष्य का सफल राष्ट्र वही होगा जो विज्ञान, तकनीक और नीति के समन्वय से जलवायु जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन कर सके। जलवायु परिवर्तन का समाधान केवल उत्सर्जन कम करना नहीं है, बल्कि अनुकूलन और लचीलापन विकसित करना भी है। वर्षा जल संचयन,वनों का संरक्षण, नदी पुनर्जीवन, टिकाऊ कृषि, हरित परिवहन,ऊर्जा दक्ष भवन प्लास्टिक प्रदूषण में कमी और जनभागीदारी जैसे उपाय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।प्रत्येक नागरिक यदि अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचत, जल संरक्षण और पर्यावरण- अनुकूल व्यवहार अपनाए,तो सामूहिक स्तर पर बड़ा परिवर्तन संभव है।

साथियों, आज की परिस्थितियाँ यह स्पष्ट कर रही हैं कि जलवायु परिवर्तन भविष्य का नहीं, वर्तमान का संकट है। असम की बाढ़ और यूरोप के जंगलों की आग भौगोलिक रूप से अलग घटनाएँ अवश्य हैं, परंतु उनका मूल कारण वैश्विक जलवायु असंतुलन है। यदि विश्व समुदाय ने विज्ञान आधारित निर्णय, हरित निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाले वर्षों में ऐसी घटनाएँ और अधिक विनाशकारी रूप ले सकती हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,26 जुलाई 2026 की घटनाएँ मानवता के लिए एक स्पष्ट संदेश हैं कि अब विकास और पर्यावरण को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

आर्थिक प्रगति, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता,इन सभी की आधारशिला एक संतुलित जलवायु है।


इसलिए यह समय केवल आपदाओं पर राहत देने का नहीं, बल्कि जलवायु-सुरक्षित भविष्य का निर्माण करने का है। यदि विश्व ने आज निर्णायक कदम उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, हरित और टिकाऊ पृथ्वी छोड़ी जा सकती है; अन्यथा जलवायु परिवर्तन 21वीं सदी की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बनकर मानव सभ्यता की विकास यात्रा को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 229




Åij ls uhps %& 1) वन, जंगल 2) राज प्रासाद 3) त्रुटि और कमी 4) हाथी की देखभाल करनेवाला सेवक 5) गुजरना, बीत जाना 6) आकाश में विहार करनेवाला 7) पत्थर को मूर्ति आदि बनाने के लिए काटना 8) चूर्ण 9) दासी,, सेविका 10) बदलवाना 11) हालत 12) महीनेवार, मासिक 15) मुंह से निकलनेवाला लयदार थूक 17) क्रम से, एक के बाद एक 18) बीच में बोल उठना, विरोध करना 23) सीमा, सरहद 25) जहां रोग की जांच करके दवाई दी जाती है वह स्थान 27) आवाज 28) लिप्त, लगा हुआ 30) पकाने का काम दूसरे से करवाना 31) अस्वस्थ 34) कपड़े पर सुई से किया जानेवाला बेलबुटे का काम 35) पाकिस्तान की भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम 36) धूर्त, चालाक 38) देव आनंद के एक निर्देशक भाई का नाम 39) मनाने का भाव या क्रिया 40) फिल्मों का नायक 42) बूंद बूंद टपकना 43) दिवस 44) नाराज, अप्रसन्न 45) दौड़ लगानेवाला (अंग्रेजी) 46) कदर करनेवाला 48) दाई, धात्री 49) हमारा देश 51) अष्ट 52) पुरुष 55) अंग्रेजी में बीमार 56) पूजा में प्रयुक्त घड़ा 57) बीमारी (उर्दू) 59) नजदीक 61) किसानों का एक औजार 62) पिता का भाई 64) एक लचीला पदार्थ 65) न्यून 66) आवक का विरुद्धार्थी शब्द 67) अग्नि 69) कृत्रिम जलमार्ग 71) चालीस सेर का पुराना बाट 73) उपहार 74) देख रेख, निगरानी 75) मूल्य, दाम 76) घृणा 77) प्रश्न –उत्तर 78) मां का घर 80) लात मारने की क्रिया 82) मुस्लिम 84) सूजी 86) शीशा 87) तपाने का काम दूसरे से करवाना 89) मध्य प्रदेश का वह शहर जिसके पास भेड़ाघाट है 91) हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री 92) उपस्थित 93) नमस्कार का एक शब्द 94) फुलों की माला 95) जो कर्जा अदा करने में असमर्थ हो 97) नाराज होने का भाव 98) डर 102) धोबी 104) अर्थ 105) कमल 106) मरीज 107) पूनम ढिल्लों और फारुख शेख की एक पुरानी सफल फिल्म 109) मुख्य (अंग्रेजी) 111) जो नजदीक न हो ●

(जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s %& 1) हिमालय पर्वत श्रेणी और हिन्दू कुश पर्वत को जोड़नेवाली पर्वत श्रेणी 5) गणित की एक शाखा 8) अवसर गवां देना, भूल करना 10) दुष्ट, दुराचारी, उपद्रवी 13) दृष्टी 14) परिस्थितीयां, अवस्था 16) रात को सुगंध देनेवाला एक फूल 17) मुगल राजा 19) लवण 20) अन्यथा, नहीं तो 21) राजा 22) विषैला 24) वाद्य बजानेवाला 26) तमन्ना 28) सूर्य 29) नाप लेना, मापना 32) दाबना 33) प्रस्थित 34) चिड़ियों के चहकने की आवाज 35) बहुत तेजीसे, बहुत घबराकर 37) वधिक, निर्दय, बूचड़ 39) अत्यन्त पतला (कपड़ा आदि) 41) प्रथा 44) जोखिमभरा 47) भारत के पितामह के रुप में जाने जानेवाले एक भूतपूर्व कॉंग्रेस अध्यक्ष 50) जीभ 51) फौरन, अतिशीघ्र, झटपट 53) डरपोक 54) रसिया 57) साधुओं का निवासस्थान 58) इस छोर से उस छोर तक 60) खलबली 63) रंग (अंग्रेजी) 65) ऋण 67) एक नकार सूचक उपसर्ग 68) हमेशा 69) नया, अनोखा 70) कर्म, कार्य 72) ओस 74) देवकी पुत्र श्रीकृष्ण 77) सानन्द 79) घरों में पानी प्राप्त करने का एक साधन 81) धूल 82) चेहरा, कमल के समान सुंदर मुंह 83) एक विशिष्ट पशु के बाल जिनकी टोपियां या कपड़े बनाये जाते है 85) दिन 86) गणित में वह आकृति जिसकी आमने सामने की भुजाएं समान होती है और कोण समकोण होते है 88) मुकुट (उर्दू) 90) राज दरबार 91) भेड़ बकरियां चरानेवाला 93) छोटी सी बात को बहुत बढ़ा चढ़ा देना अर्थवाला एक मुहावरा 96) सुन्दर स्त्री 98) श्रीरामजी के एक भाई 99) जन्म देना 100) हमला, आक्रमण 101) लादा हुआ 102) लक्ष्मी 103) रामानन्द सागरद्वारा निर्मित यह सुपर डुपर हिट दीर्घ धारावाहिक कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रक्षेपित किया था 105) पानी,, जल 106) विलाप करना 107) घुंघरु 108) महाभारत में वर्णित वह राजा जिसने सर्पयज्ञ किया था 110) सुहागन स्त्रियोंद्वारा मांग में भरा जानेवाला लाल रंग का चूर्ण 112) किसी चीज को बरामद करने क्रिया 113) तन, देह 114) आंकड़ा, गोद 115) रत्न, मणि 116) बादल का आवाज करना

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeva-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# एयर इंडिया का कायाकल्प 5 - 10 साल की लंबी यात्रा, एयरलाइन को विश्वस्तरीय बनाने का लक्ष्यः चंद्रशेखरन



नई दिल्ली, (भाषा)।

***टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि एयर इंडिया का बदलाव एक पांच से 10 साल की लंबी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि प्रमुख कलपुर्जों की आपूर्ति श्रृंखला में वर्षों से चली आ रही बाधाओं, पुरानी प्रणाली में बदलाव, कार्य संस्कृति***

और बेड़े के आधुनिकीकरण तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षित विमानन पेशेवर तैयार करने की जरूरत को देखते हुए इस परिवर्तन में समय लगेगा। टाटा संस की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में शेयरधारकों को लिखे पत्र में चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया के कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, ''इतिहास की हर बड़ी एयरलाइन को खड़ा होने में दशकों का समय लगा है, कुछ तिमाहियों में नहीं यह नहीं होता।'' उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 एयर इंडिया के लिए कई बाहरी चुनौतियों वाला वर्ष रहा।

चंद्रशेखरन ने टाटा संस की 2025-26 की सालाना रिपार्ट में अपने पत्र में कहा, ''हवाई क्षेत्र का बंद होना, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईंधन कीमतों में वृद्धि और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव तथा एआई171 विमान दुर्घटना जैसी कई चुनौतियां रहीं। इन सभी परिस्थितियों में एयर इंडिया की टीम ने मजबूती के साथ काम किया।''

टाटा समूह ने सरकार से घाटे में चल रही एयर इंडिया का नियंत्रण जनवरी, 2022 में संभाला था और इसके बाद कंपनी ने बड़े स्तर पर बदलाव योजना शुरू की। एयर इंडिया समूह की कंपनियों में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस हैं। सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया समूह में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। चंद्रशेखरन ने भविष्य को लेकर भरोसा जताते हुए कहा कि वर्ष 2047, यानी भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर, एक युवा भारतीय एयर इंडिया के ऐसे विमान में यात्रा करेगा, जो भारतीय कलपुर्जों से बना होगा, जिसमें भारतीय जमीन पर विनिर्मित चिप होंगे और जिसकी सुरक्षा भारतीय रक्षा प्रणालियों से होगी।

उन्होंने कहा कि यही संस्थान निर्माण का उद्देश्य है। जब यह सफल होता है तो यह राष्ट्रीय जीवन के सामान्य बुनियादी ढांचे का हिस्सा बन जाता है। चंद्रशेखरन ने कहा कि 1.4 अरब आबादी वाले और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत को एक विश्वस्तरीय राष्ट्रीय विमान सेवा की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मार्गों पर चलने वाले एयर इंडिया के 'नैरो-बॉडी यानी छोटे विमानों का नवीनीकरण किया जा चुका है और ग्राहकों से इस पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं, 'वाइड-बॉडी' यानी चौड़े विमानों का नवीनीकरण वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। चंद्रशेखरन ने कहा, ''टाटा समूह का लक्ष्य एयर इंडिया को ऐसा विमानन ब्रांड बनाना है जो भारत को दुनिया से जोड़े, विमानन, पर्यटन और लॉजिस्टिक क्षेत्र में लाखों रोजगार पैदा करे और भारत को वैश्विक विमानन केंद्र बनाए....।'' हालांकि, वित्तीय प्रदर्शन के मोर्चे पर एयर इंडिया को अभी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एयर इंडिया का राजस्व घटकर 71,870 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 78,636 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 में एयर इंडिया का घाटा शुद्ध रूप से 15,367.75 करोड़ रुपये रहा, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस का घाटा 6,767.29 करोड़ रुपये रहा।

# डाक विभाग ने पत्र एवं पार्सल की श्रेणी को लेकर स्पष्ट किए नियम, स्पीड पोस्ट सेवा की नई दरें जारी

India Post
भारतीय डाक

नई दिल्ली, (भाषा)।

***डाक विभाग ने सोमवार को डाक सामग्रियों के वर्गीकरण पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि लिखित, मुद्रित सामग्री और बिना पुनर्विक्रय मूल्य वाली उपहार सामग्री के पैकेट पत्र की श्रेणी में आएंगे, जबकि अन्य सभी वस्तुओं को पार्सल की श्रेणी में रखा जाएगा।***

डाक विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र से जुड़े सामान जैसे स्वागत किट, पत्र, पासबुक, चेक बुक, बैंक विवरण, प्लास्टिक कार्ड, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड को पत्र की श्रेणी में रखा जाएगा।

इसके अलावा पैन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे सरकारी दस्तावेज भी पत्र की श्रेणी में आएंगे।

वहीं, राखी के लिफाफे या पैकेट, शुभकामना कार्ड जैसे 500 ग्राम तक के सामान भी इस श्रेणी में होंगे, बशर्ते वे व्यापारिक या वाणिज्यिक वस्तुएं न हों। अधिसूचना के मुताबिक, नोट-1 में बताए गए सामान को छोड़कर अन्य सभी वस्तुओं को पार्सल श्रेणी के तहत भेजा जाएगा।

इसके साथ, विभाग ने खुदरा और थोक ग्राहकों के लिए 24 स्पीड पोस्ट और 48 स्पीड पोस्ट सेवाओं की दरें भी अधिसूचित की हैं। नई सेवाओं में क्रमशः 24 घंटे और 48 घंटे के भीतर पैकेट पहुंचाने का प्रावधान है।

खुदरा ग्राहकों के लिए मौजूदा सेवा दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन पत्र श्रेणी में थोक बुकिंग के लिए नई दरें जारी की गई हैं।

थोक ग्राहकों के लिए 24 घंटे वाली स्पीड पोस्ट सेवा का शुल्क 38 रुपये से 100 रुपये और 48 घंटे वाली सेवा का शुल्क 48 रुपये से 72 रुपये प्रति वस्तु होगा।


अब 24 स्पीड पोस्ट के तहत खुदरा ग्राहकों के लिए वजन और गंतव्य की दूरी के आधार पर प्रति वस्तु शुल्क 38 रुपये से लेकर 186 रुपये तक होगा। ये दरें एक अगस्त से प्रभावी होंगी।

वहीं, 50 ग्राम से कम वजन वाले पत्र के लिए स्थानीय डिलिवरी शुल्क 38 रुपये और देशभर में डिलिवरी के लिए 94 रुपये प्रति वस्तु (जीएसटी को छोड़कर) होगा।

अधिसूचना के मुताबिक, 51-250 ग्राम वजन वाले पत्रों के लिए शुल्क 118 रुपये से 154 रुपये और 251-500 ग्राम वजन वाले पत्रों के लिए शुल्क 140 रुपये से 186 रुपये तक होगा। वहीं, 48 स्पीड पोस्ट सेवा के लिए खुदरा ग्राहकों को वजन और गंतव्य के आधार पर 61 रुपये से लेकर 121 रुपये प्रति वस्तु तक भुगतान करना होगा।

फिलहाल 24 स्पीड पोस्ट और 48 स्पीड पोस्ट सेवाएं केवल छह शहरों- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में ही उपलब्ध हैं।

# टाटा पावर का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 1,401 करोड़ रुपये पर




नई दिल्ली, (भाषा)।

***निजी क्षेत्र की प्रमुख एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 1,401 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से विभिन्न खंडों में राजस्व बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।***

टाटा पावर के सोमवार को जारी बयान के अनुसार कंपनी का राजस्व जून तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़कर 18,898 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल 2025-26 की समान तिमाही में यह 17,464 करोड़ रुपये था। कंपनी का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 1,401 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 1,262 करोड़ रुपये था।

टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि भारत का ऊर्जा क्षेत्र बदलाव के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां भरोसेमंद और चौबीस घंटे स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने पर जोर है।

उन्होंने कहा, ''टाटा पावर में हमने सौर, पवन, बैटरी भंडार और पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के माध्यम से चौबीसों घंटे उपलब्ध नवीकरणीय ऊर्जा की एकीकृत और संयोजित आपूर्ति व्यवस्था तैयार करके खुद को इस बदलाव के लिए तैयार किया है।'' सिन्हा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने कई रणनीतिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो भविष्य की वृद्धि को दिशा देंगी।

पहली तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया गया है और कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत परियोजना क्रियान्वयन रूपरेखा के साथ की है।

उन्होंने कहा कि मुंद्रा परियोजना का पूर्ण संचालन में लौटना, सौर 'रूफ्टॉप' कारोबार में तेज वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा साझेदारियों का विस्तार टाटा पावर की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। कंपनी के अनुसार, पारंपरिक बिजली उत्पादन कारोबार ने तिमाही में मजबूत परिचालन प्रदर्शन किया। इस दौरान औसत उपलब्धता 96.2 प्रतिशत रही।

नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार में भी मजबूत वृद्धि हुई। नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 612 करोड़ रुपये हो गया। सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण कारोबार का शुद्ध लाभ बढ़कर 371 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की तुलना में करीब चार गुना वृद्धि है।

पारेषण और वितरण कारोबार का शुद्ध लाभ आलोच्य तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 492 करोड़ रुपये रहा। बयान के अनुसार, कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 12 गीगावाट तक पहुंच गयी है। इसमें 6.7 गीगावाट क्षमता परिचालन में है, जिसमें 5.4 गीगावाट सौर और 1.3 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं, 5.3 गीगावाट क्षमता निर्माण के विभिन्न चरणों में है।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत महाराष्ट्र को दूसरी किस्त जारी करेगा केंद्र : चौहान..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 335 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त मिलेगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, मंत्री ने आरकेवीवाई के तहत जारी कोष के***

इस्तेमाल का जायजा लेने और महाराष्ट्र सरकार को दूसरी किस्त (दूसरी मुख्य मंजूरी) जारी करने पर विचार करने के लिए वर्चुअल तरीके से समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में महाराष्ट्र सरकार के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे, भारत सरकार के कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और महाराष्ट्र सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान, चौहान ने कहा कि केंद्र ने पहले ही आरकेवीवाई के तहत महाराष्ट्र को पहली किस्त के तौर पर 335 करोड़ रुपये जारी किए थे। राज्य ने लगभग 260 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया है, जो तय 75 प्रतिशत इस्तेमाल के मानक से अधिक है, जिससे वह दूसरी किस्त के लिए पात्र हो गया है।

उन्होंने कहा कि 335 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। चौहान ने तय समय के भीतर आरकेवीवाई कोष के कुल 75 प्रतिशत से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए राज्य की सराहना की।

उन्होंने महाराष्ट्र को दूसरी किस्त के लिए पात्र बनने वाला पहला राज्य बताया। चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि समय पर खर्च के साथ-साथ लगातार निगरानी भी होनी चाहिए ताकि यह पक्का किया जा सके कि जनता के पैसे का इस्तेमाल सख्ती से उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाए जिनके लिए उन्हें मंजूरी दी गई है।

मंत्री ने किसान पहचान पत्र (आईडी) बनाने में महाराष्ट्र के प्रदर्शन की सराहना की और बाढ़ से प्रभावित किसानों को राज्य द्वारा दी गई त्वरित वित्तीय सहायता का उल्लेख किया, जिसमें लगभग 14,000 करोड़ रुपये का मुआवज़ा पांच दिन के भीतर सीधे किसानों के बैंक खाते में डाला गया।

आरकेवीवाई के तहत विभिन्न चीजों की समीक्षा करते हुए, चौहान ने 'मिशन फॉर इंटिग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर' (एमआईडीएच) के तहत संतोषजनक प्रगति को माना और राज्य के कार्यान्वयन प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने महाराष्ट्र को डिजिटल कृषि, कृषि विस्तार, राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), बीज, तिलहन और कृषि-वानिकी के तहत खर्च में तेजी लाने की सलाह दी।

बैठक के दौरान, मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को लागू करने के बारे में भी चर्चा की। चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि फसल बीमा के लिए आवेदन करते समय किसान सही जानकारी दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वाले और बिना केसीसी वाले, दोनों तरह के किसान फसल बीमा का फायदा उठा सकते हैं, लेकिन उन्हें किसी दूसरे खाते से आवेदन करके केसीसी स्थिति छिपाने से बचना चाहिए।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया 54 पैसे की बढ़त के साथ 95.99 प्रति डॉलर पर..



मुंबई, (भाषा)।

***कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान के बीच तनाव घटने से सोमवार को रुपया 54 पैसे की मजबूत बढ़त के साथ 95.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।***

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी रुपये को सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.18 पर खुला और सत्र में 96.27 के निचले एवं 95.78 के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 54 पैसे की मजबूती रही।

शुक्रवार को रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 96.53 पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा 20 मई को 96.86 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले बंद स्तर पर रही थी।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह तक चले तनाव के बाद हमले रुकने से रुपया तीन सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचा। चौधरी ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप की खबरों ने भी बाजार को बल दिया।'' उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपये की हाजिर विनिमय दर निकट अवधि में 95.50 से 96.20 के दायरे में रह सकती है।

इस बीच, दुनिया छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत गिरकर 101.09 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 8.95 प्रतिशत गिरकर 88.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में भी मजबूती का रुख रहा। बीएसई सेंसेक्स 776.01 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 76,835.78 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 228.50 अंक यानी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 23,995.95 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, शेयर बाजार के आंकड़ों से पता चला कि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में बिकवाल रहे और उन्होंने सोमवार को शुद्ध रूप से 1,688.23 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

# वाणिज्यिक वाहन खंड में वैकल्पिक ईंधन की हिस्सेदारी 2029-30 तक 45 प्रतिशत होने का अनुमानः इक्रा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश के वाणिज्यिक वाहन (सीवी) उद्योग में सीएनजी/एलएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) जैसे वैकल्पिक ईंधन की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2029-30 तक बढ़कर 40-45 प्रतिशत हो सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह संभावना जताई।***

इक्रा की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में वाणिज्यिक वाहन उद्योग में वैकल्पिक ईंधन की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत रही। वर्ष 2029-30 तक सीवी उद्योग में सीएनजी/एलएनजी की हिस्सेदारी बढ़कर 30-35 प्रतिशत और ईवी की हिस्सेदारी 10-15 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी मुख्य रूप से मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएचसीवी) श्रेणी के बस खंड के कारण होगी।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सीवी क्षेत्र में सीएनजी/एलएनजी की हिस्सेदारी लगातार बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 25 प्रतिशत हो गई है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में महज सात प्रतिशत थी। यह पारंपरिक पेट्रोलियम ईंधन के एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में उभरा है।

वहीं, घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग में डीजल की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2020-21 के 86 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 67 प्रतिशत रह गई है। उत्सर्जन मानकों के सख्त होने और सीएनजी, एलएनजी एवं ईवी जैसी वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकियों की कुल स्वामित्व लागत (टीसीओ) घटने से यह बदलाव आया है।

इक्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वाणिज्यिक वाहनों में पेट्रोल की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से कम रही और इसका उपयोग मुख्य रूप से हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड तक ही सीमित रहा।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत दिए गए प्रोत्साहनों ने इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद लागत को काफी कम किया है, जिससे भविष्य में ई-ट्रकों की स्वीकार्यता में तेजी आने की उम्मीद है।

इक्रा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा, ''वैकल्पिक ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर के बावजूद घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग को ऊंची शुरुआती लागत और बुनियादी ढांचे की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।''

उन्होंने कहा कि चार्जिंग एवं ईंधन ढांचे की उपलब्धता, तय की जाने वाली दूरी को लेकर चिंता, बिक्री एवं सेवा नेटवर्क, मार्गों की प्रकृति और परिचालन जरूरतें भी वैकल्पिक ईंधनों की स्वीकार्यता की गति को तय करेंगी।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी सीमित सीटों के चलते पहले आओ, पहले पाओ




जगप्रेरणा लांजी।

*म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया समय सारणी अनुसार प्रारम्भ हो चुकी है*

इसके अंतर्गत लांजी क्षेत्र के श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफटेक्नालॉजी लांजी में निम्न पाठ्यक्रम बी.एस.सी जीवविज्ञान, बी.एस.सी कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.एस.सी गणित, बी.एस.सी कम्प्यूटर साइंस, बी. कॉम प्लेन, बी. कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी. ए. प्लेन, बी. ए. कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं एम. एस. सी. रसायनशास्त्र व प्राणीशास्त्र प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रारम्भ है। प्रवेश के इच्छुक आवेदकों को समय सीमा में प्रवेश केवल पोर्टल के माध्यम से ही किया जावेगा।

ऑनलाईन प्रविष्टि में महाविद्यालयवार/पाठ्यक्रम / विषय-समूह/ विषयवार विकल्प देना अनिवार्य हैं। विद्यार्थी प्रवेश के लिए महाविद्यालयों का नाम देवे जिससे किसी न किसी महाविद्यालय में प्रवेश मिल सके।

## सी.एल.सी. चरण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया..

15 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित हैं। 15 जुलाई 2026 से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय में रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जावेगा। रिक्त सीटों पर विद्यार्थी सीधे महाविद्यालय पर उपस्थित होकर ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकेगा। 15 जुलाई 2026 से प्रतिदिन विद्यार्थी शाम 03 बजे तक पंजीयन महाविद्यालय चयन कर सकेगा। तत्पश्चात् हेल्प सेंटर द्वारा शाम 04 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जावेगा। शाम 05 बजे रिक्त सीट जारी किया जावेगा। सीट जारी होने के दुसरे दिन शाम 04 बजे तक शुल्क जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में पुनः रीचॉइस करना होगा। यह प्रक्रिया 31 जुलाई 2026 तक की जायेगी।

श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी लांजी में बी.एस.सी जीवविज्ञान, बी. एस. सी कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी. एस. सी गणित, बी. एस. सी कम्प्यूटर साइंस, बी.कॉम प्लेन, बी.कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी. ए. प्लेन, बी. ए. कम्प्यूटर एप्लीकेशन, एवं एम. एस. सी. रसायनशास्त्र व प्राणीशास्त्र पाठ्यक्रम संचालित है।

महाविद्यालय में स्वयं का भवन, निःशुल्क पुस्तकालय, आधुनिक कॉम्प्यूटर प्रयोगशाला, जीवविज्ञान प्रयोगशाला, वनस्पतिशास्त्र प्रयोगशाला, रसायनशास्त्र प्रयोगशाला, प्रोजेक्टर, मार्डन क्लासेस, नियमित कक्षाएं, कैरियर गाईडेन्स अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन आदि सुविधाओं के साथ ही गांव की बेटी योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेन्ट्रल सेंक्टर छात्रवृत्ति, आवास योजना, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आदि छात्रवृत्ति जो म.प्र. शासन द्वारा ही साथ ही सरकारी महाविद्यालय में मिलने वाली समस्त छात्रवृत्तियों का लाभ भी इस संस्थान में मिल रहा हैं ।

# गोदरी वॉटरफॉल में प्रवेश पर प्रतिबंध, एसडीएम ने जारी किया धारा 163 बीएनएसएस का आदेश



जगप्रेरणा किरनापुर।

*मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किरनापुर अनुविभाग के गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में आम नागरिकों और पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।*

अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) किरनापुर श्री आदित्य नारायण तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता **(BNSS), 2023** की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि लगातार हो रही वर्षा के कारण गोदरी जलप्रपात का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलप्रपात के आसपास की चट्टानें अत्यधिक फिसलन भरी हो गई हैं तथा पानी का बहाव भी अत्यंत तेज है। पूर्व के अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग यहां पिकनिक, स्नान और सेल्फी लेने के लिए पहुंचते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और जनहानि की आशंका बनी रहती है। आदेश के अनुसार गोदरी जलप्रपात एवं उसके उदगम से बहाव क्षेत्र के 1000 मीटर के दायरे में आम नागरिकों, पर्यटकों एवं समूहों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही जलप्रपात में स्नान, तैराकी, चट्टानों पर बैठकर पिकनिक मनाना, शराब का सेवन करना तथा किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी एवं सेल्फी लेना भी प्रतिबंधित किया गया है।

एसडीएम श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत, वन विभाग एवं पुलिस विभाग को जलप्रपात की ओर जाने वाले मार्गों पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश 27 जुलाई 2026 से आगामी दो माह अथवा मानसून सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पूर्व में वापस नहीं लिया जाता।

आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता **(BNSS), 2023** की धारा 223 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन करें और वर्षा ऋतु के दौरान गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में जाने से बचें।

# किरनापुर बेसिक स्कूल मैदान में पसरा गंदगी का आलम, अनदेखी से ग्रामीण और दुकानदार परेशान

## ग्राम पंचायत की लापरवाही से उपजी समस्या, बीमारी फैलने की बनी आशंका..




जगप्रेरणा किरनापुर।

स्थानीय किरनापुर के हृदय स्थल पर स्थित बेसिक स्कूल मैदान वर्तमान में दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। मैदान और उसके आसपास पसरी भारी गंदगी के कारण न केवल ग्रामीण, बल्कि आसपास के दुकानदार और आम राहगीर भी बुरी तरह परेशान हो चुके हैं। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत किरनापुर की गंभीर लापरवाही उजागर हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों में तीव्र आक्रोश पनप रहा है। जानकारी के अनुसार, बेसिक स्कूल का मैदान बच्चों के खेलने और क्षेत्र के प्रमुख कार्यक्रमों का केंद्र रहा है। हालांकि, लंबे समय से कचरे का समुचित निपटान न होने और नियमित साफ-सफाई के अभाव में यह मैदान अब गंदगी और कचरे का डंपिंग यार्ड जैसा प्रतीत होने लगा है। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और उससे उठती दुर्गंध ने आसपास का वातावरण दूषित कर दिया है।

## दुकानदारों और ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबतें..

मैदान के समीप व्यवसाय करने वाले दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण उनकी दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है, जिससे उनके व्यापार पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। वहीं, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि गंदगी के चलते मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है।

## बोले स्थानीय ग्रामीण..

'सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्राम पंचायत की इस उदासीनता का खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।'

## उठ रही सफाई और कार्रवाई की मांग..

क्षेत्रीय नागरिकों व व्यापारीयो ने ग्राम पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द मैदान की संपूर्ण सफाई करवाने और भविष्य में नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# उफनते नाले को पार करने का प्रयास, तेज बहाव में बहा पंचायत सचिव..



जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। ग्राम पंचायत रानककोड़ी के पंचायत सचिव सीताराम घोरमारे ड्यूटी से घर लौटते समय पीपलगांव कला और कोसमारा के बीच स्थित उफनते नाले को पार करने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आ गए। देखते ही देखते वे अपनी दोपहिया वाहन सहित पानी की तेज धारा में बह गए। देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका, जिससे परिजनों और क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार 27 जुलाई को शाम करीब 4:30 बजे की है। पंचायत सचिव सीताराम घोरमारे कार्यालयीन कार्य समाप्त कर अपने गृह ग्राम कोसमारा लौट रहे थे। लगातार बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव अत्यधिक तेज था। इसी दौरान नाला पार करने का प्रयास करते समय उनकी बाइक संतुलन खो बैठी और वे तेज धारा में समा गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तत्काल प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही किरनापुर एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस प्रशासन तथा एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एसडीआरएफ के जवानों ने स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के सहयोग से नाले तथा उसके आसपास के क्षेत्र में व्यापक सर्च एवं रेस्क्यू अभियान शुरू किया। देर शाम तक अभियान लगातार जारी रहा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक लापता सचिव का कोई पता नहीं चल सका। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि उफनते नदी-नालों और पुल-पुलियों को पार करने का जोखिम बिल्कुल न उठाएं, चाहे कुछ समय इंतजार करना पड़े। पानी की गहराई और बहाव का सही अनुमान लगाना अक्सर संभव नहीं होता, जिससे कुछ ही क्षणों की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने लोगों से मौसम और जलस्तर की स्थिति को देखते हुए सुरक्षित मार्ग अपनाने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को देने का आग्रह किया है। पुलिस ने मामले की सूचना दर्ज कर ली है और एसडीआरएफ की सहायता से लापता पंचायत सचिव की तलाश लगातार जारी है।

# पवित्र सावन माह में बोल बम समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन..

## चार चरणों में होगी कावड़ यात्रा..




जगप्रेरणा लांजी।

पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर बोल बम सेवा समिति, लांजी द्वारा आयोजित होने वाली भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर समिति कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा चार चरणों में निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे। समिति के अनुसार पहला जत्था 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त तथा अंतिम और सबसे विशाल जत्था 24 अगस्त 2026 को बोल बम सेवा समिति कार्यालय, लांजी से विधि-विधान और भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ चहेली सीतापाला के लिए रवाना होगा।

यहां से श्रद्धालु अपनी अपनी कांवड़ मे पवित्र जल लेकर 42 किमी की पैदल यात्रा करते हुए कोटेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। श्रावण मास में निकलने वाली इस कांवड़ यात्रा के दौरान संपूर्ण मार्ग 'हर-हर महादेव' 'बोल बम' और 'चल रे कांवड़िये.' 'कोटेश्वर धाम' के जयघोष से भक्तिमय हो उठेगा। यात्रा में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ शामिल होंगे।

समिति ने बताया कि 24 अगस्त को अंतिम जत्थे के कोटेश्वर धाम पहुंचने पर विशाल धार्मिक आयोजन होगा। धाम में शिवभक्तों और कांवड़ यात्रियों का भव्य मेला लगेगा, जहां दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और शिवमय वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

## बोल बम सेवा समिति..

के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, प्रमोद अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, चंद्रकांत किरनापूरे, दीपक बंसल,संदीप अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मयूर सुले, सुधीर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अंकित श्रीवास्तव, आलोक चौरसिया, राकेश रणदिवे, मनीष लालू अग्रवाल, बाबु उपाध्याय, जय श्रीवास्तव, संजय टेम्भरे, अमित आसटकर, शरद आसटकर, यश अग्रवाल, प्रकाश बेदरे, सहित समिति के सभी सदस्य ने सभी शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होकर धर्म, आस्था और सनातन संस्कृति के इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। 'चल रे कांवड़िये' 'कोटेश्वर धाम' का उद्घोष एक बार फर पूरे क्षेत्र को शिवभक्ति के रंग में रंगने के लिए तैयार है।

# सिविल अस्पताल में सुहाष परियोजना का शुभारंभ, उच्च रक्तचाप, और मधुमेह जैसी पहचान में मिलेगी मदद..




जगप्रेरणा लांजी।

ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गैर-संचारी बीमारियों की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीज (सीआरआईएसपी) द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित सुहास (एसयूएचएएएस) परियोजना का शुभारंभ अब बालाघाट जिले में किया गया है। जिले के लांजी विकासखंड को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है।

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार, 27 जुलाई को कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सीआरआईएसपी के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राधेश्याम जुलानिया तथा परियोजना के सलाहकार मनोहर अग्नानी ने स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), आशा कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को परियोजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

## अपने परिवार को जानो अभियान के तहत होगा घर-घर स्वास्थ्य सर्वे..

राधेश्याम जुलानिया ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संयुक्त रूप से 'अपने परिवार को जानो' अभियान संचालित करेंगे। इसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार तक पहुँचकर घर-घर स्वास्थ्य सर्वेक्षण और स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी पंचायत में स्क्रीनिंग पूरी करने में अधिक समय लगे तो अवधि बढ़ाई जा सकती है, लेकिन प्रत्येक परिवार की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए।

## 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की होगी स्क्रीनिंग..

परियोजना सलाहकार मनोहर अग्नानी ने बताया कि सुहास परियोजना के अंतर्गत 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जाँच की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सभी हितग्राहियों का विवरण एनसीडी (गैर-संचारी रोग) पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, ताकि उनका नियमित फॉलोअप और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप एक साइलेंट किलर है। इसलिए 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को इसकी नियमित रूप से जाँच करानी चाहिए और दवाएँ लेनी चाहिए। अधिकांश लोग इसकी जाँच नहीं कराते, जिसके कारण उन्हें इसका पता ही नहीं चलता। लोग इस बात से भी डरते हैं कि एक बार दवा लेने के बाद इसे हमेशा लेना पड़ेगा, लेकिन यह जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में लगभग 45 दिनों के भीतर स्क्रीनिंग अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं नशे से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

## छह ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई कार्यशालाएँ..

परियोजना के शुभारंभ के साथ ही आज सुहास परियोजना के अंतर्गत लांजी विकासखंड की छह ग्राम पंचायतों-बड़गांव (म), देवलगांव, केरेगांव, दहेगांव, फोफसा और साडरा में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों को घर-घर सर्वेक्षण, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, समय पर जाँच एवं उपचार तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## मुरैना के बाद अब बालाघाट में होगा विस्तार..

कार्यशाला में बताया गया कि मध्यप्रदेश में सुहास परियोजना का सफल संचालन सबसे पहले मुरैना जिले में किया गया था। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब इसका विस्तार बालाघाट जिले में किया जा रहा है। परियोजना की शुरुआत लांजी विकासखंड से होगी, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से जिले के अन्य विकासखंडों में भी इसका विस्तार किया जाएगा।

## सभी विभागों के समन्वय से चलेगा अभियान..

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों की समय पर स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-संचारी रोगों की शीघ्र पहचान कर प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके और लोगों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाया जा सके। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सुन्द्रियाल, स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय तुरकर, लांजी के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय उपराड़े, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मनीष पांडे, आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री श्वेता महतो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परसाटोला में नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को दिलाई गई शपथ..



जगप्रेरणा किरनापुर।

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई को किरनापुर के ग्राम परसाटोला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर थाना किरनापुर के सब-इंस्पेक्टर दमन तुरकर एवं समस्त थाना स्टाफकी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने, शिक्षा पर ध्यान देने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। पुलिस थाना किरनापुर द्वारा बताया गया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में समीर चौधरी, रवि जाटव, विजय सिसोदिया (पायलट), रविंद्र भंडारकर तथा विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

**हेमंत नायक**

मो. 88273 19933





**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433


# मंडला में विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

## पति बोला- पत्नी ने लगाई फांसी, मायके वालों ने की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग..







जगप्रेरणा मंडला।

***शहर के इलाही चौक में रविवार को 27 वर्षीय विवाहिता शिवानी विश्वकर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गंभीर अवस्था में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते***

हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पति ने इसे आत्महत्या का मामला बताया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पति नीलेश विश्वकर्मा ने बताया कि शिवानी पिछले कुछ समय से एंजाइटी और माइग्रेन की बीमारी से पीड़ित थीं। उनका उपचार मंडला, जबलपुर और नागपुर के चिकित्सकों से चल रहा था। घटना वाले दिन वह अपने तीन वर्षीय बेटे को स्कूल की पेरेंट-टीचर मीटिंग में लेकर गए थे। घर लौटने पर उन्होंने पत्नी को फंदे पर लटका देखा। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इधर, मृतका की मां और बहन ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शिवानी शिक्षित थीं, उनका तीन वर्षीय बेटा है और उनकी शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठाएं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि मामले में पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पहली बारिश में बहने लगी 2.80 करोड़ की सड़क, निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## सठिया-हर्राटोला मार्ग की हालत बदहाल, ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग



जगप्रेरणा मवई (मंडला)।

***जनपद मुख्यालय मवई से लगे वन ग्राम सठिया को हर्राटोला से जोड़ने के लिए लगभग रुपये 2 करोड़ 80 लाख की लागत से निर्मित की जा रही 5.2 किलोमीटर लंबी डामरीकृत सड़क पहली ही बारिश में जगह-जगह से उखड़ने और क्षतिग्रस्त होने लगी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही सड़क की खराब स्थिति ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) की***

कार्यप्रणाली और निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम पंचायत पखवार के अंतर्गत आने वाले वन ग्राम सठिया के ग्रामीण वर्षों से पक्की सड़क की मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण शुरू होने पर लोगों को बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी थी, लेकिन पहली बारिश के बाद ही सड़क कई स्थानों पर टूट गई, डामर उखड़ गया, पटरियां बह गईं और जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं। वहीं कुछ पुल-पुलियों का निर्माण कार्य भी अभी अधूरा बताया जा रहा है।

### पांच साल की गारंटी पर उठे सवाल

परियोजना स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार सड़क के निर्माण के साथ 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक रखरखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की है। ऐसे में ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि जो सड़क निर्माण अवधि में ही क्षतिग्रस्त हो रही है, वह आगामी पांच वर्षों तक कैसे टिक पाएगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य आरईएस विभाग के तकनीकी अधिकारियों की निगरानी में किया जा रहा है, इसके बावजूद गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की समय-समय पर निष्पक्ष जांच की जाती, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।







### वन भूमि उपयोग को लेकर भी उठे प्रश्न

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए निर्धारित चौड़ाई से अधिक क्षेत्र का उपयोग किया गया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान वन भूमि का अपेक्षा से अधिक उपयोग हुआ, जबकि संबंधित विभाग की ओर से कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई। इस मामले को लेकर वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

### युवाओं और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

स्थानीय युवा लक्ष्मीकांत पाठक ने सड़क की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि जब अभी भारी वाहनों का नियमित संचालन शुरू नहीं हुआ है, तब सड़क की यह हालत है। उन्होंने निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच की मांग की है। वहीं युवा कांग्रेस विधान सभा बिछिया के अध्यक्ष बोधू सिंह मरावी ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं की आशंका जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्रीय जनता के साथ आंदोलन किया जाएगा।

### जांच की मांग तेज

**ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों और स्थानीय युवाओं ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी स्वीकृति, वन भूमि उपयोग तथा संबंधित विभागों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन से निर्मित परियोजनाओं में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है, ताकि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।**

# छात्रावास अधीक्षक पर नशे में अभद्रता के आरोप, जांच के आदेश





## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद जनजाति कार्य विभाग हरकत में, जांच के बाद होगी कार्रवाई..

जगप्रेरणा मंडला।

***जिले के ग्राम टाटरी स्थित शासकीय सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक पर शराब के नशे में छात्रों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र***

व्यवहार करने के आरोप लगे हैं। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि वीडियो और लगाए गए आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात छात्रावास के कुछ छात्रों ने अधीक्षक पन्नूलाल वट्टी के कथित व्यवहार का वीडियो बनाया। छात्रों का आरोप है कि अधीक्षक रात करीब 2 बजे नशे की हालत में छात्रावास पहुंचे और छात्रों को धमकाते हुए गाली-गलौज की। आरोप यह भी है कि उन्होंने छात्रावास के एक कर्मचारी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया।

छात्रों ने यह भी दावा किया है कि कुछ दिन पहले अधीक्षक के पुत्र को भी छात्रावास परिसर में शराब का सेवन करते हुए देखा गया था। इन आरोपों के चलते छात्रों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इधर, मामले को लेकर सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग कार्यालय के क्षेत्र संयोजक विष्णु सिंगौर ने बताया कि शिकायत उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं छात्रावास पहुंचकर पूरे मामले की जांच करेंगे। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधीक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जांच रिपोर्ट का इंतजार

फिलहाल पूरा मामला जांच के अधीन है। वायरल वीडियो और छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना शेष है। विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सिंधी साहित्य में पिंकी क्षत्री ने बनाई प्रावीण्य सूची में जगह..

## एमए प्रथम वर्ष परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक, प्रदेश की मेरिट सूची में हासिल किया नौवां स्थान..



जगप्रेरणा मंडला।

***नगर की प्रतिभाशाली छात्रा पिंकी क्षत्री ने सिंधी साहित्य विषय में एमए प्रथम वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। घोषित परीक्षा परिणाम में उन्होंने प्रदेश की प्रावीण्य (मेरिट) सूची में नौवां स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।***

पिंकी क्षत्री ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध शदाणी सिंधी पाठशाला, रायपुर से एमए प्रथम वर्ष की परीक्षा दी थी। परिणाम घोषित होने पर उन्होंने 74 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाया। पिंकी ने बताया कि बचपन से ही उनकी सिंधी साहित्य के प्रति विशेष रुचि रही है। इस विषय में आगे बढ़ने की प्रेरणा उन्हें शदाणी दरबार, माना (रायपुर) के संत युधिष्ठिर लाल जी के सान्निध्य तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता से मिली। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को दिया। झूलेलाल कॉलोनी, सुभाष वार्ड निवासी एवं देव क्षत्री की पत्नी पिंकी क्षत्री की इस उपलब्धि पर परिजनों, सामाजिक संगठनों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नल-जल योजना की खुली पोल: 10 दिनों से बंद पेयजल आपूर्ति, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

जगप्रेरणा नारायणगंज (मंडला)।

***जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया के वार्ड क्रमांक 16 में नल-जल योजना पूरी तरह ठप होने से ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 8 से 10 दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।***





पेयजल आपूर्ति बंद होने के कारण लोगों को दूर-दराज के हैंडपंपों और अन्य जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी कई बार ग्राम पंचायत एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो जलापूर्ति बहाल की गई और न ही कोई स्थायी समाधान किया गया। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### सरकारी दावों पर सवाल

शासन द्वारा 'हर घर नल से जल' योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत पंडरिया के वार्ड क्रमांक 16 की स्थिति इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि योजना प्रभावी ढंग से संचालित हो रही है, तो कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति बंद रहने की नौबत क्यों आई?

### तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत नारायणगंज एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर बंद पड़ी नल-जल योजना को शीघ्र शुरू कराया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

### जनता का सवाल

**ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार जनहित की योजनाओं पर बड़े पैमाने पर खर्च कर रही है, तो लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना क्यों पड़ रहा है? अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक होगा।**


उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...

**सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा**

SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA

मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र

• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)

• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग

। अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा

। जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता

डॉ. कमलापती खोब्रागडे

BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)

बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ

मो. 98230 21274, 93098 53003

साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738


# आजीविका मिशन के तहत 'मातरम' ब्रांड से शुरू होंगे 40 प्रकार के लघु उद्योग

## निवास में संयुक्त रजक समाज की बैठक संपन्न, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने यूनिफाइड ट्रस्ट योजना का शुभारंभ

## योजना से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा रुपये 12 हजार प्रतिमाह मानदेय..

जगप्रेरणा निवास।

***तहसील मुख्यालय स्थित रेस्ट हाउस में संयुक्त रजक समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाज को संगठित करने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम का***

शुभारंभ मां नर्मदा एवं राष्ट्र संत गाडगे महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण, तिलक वंदन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय आजीविका मिशन को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। मिशन की ब्लॉक मैनेजर पूजा शर्मा एवं उनकी टीम ने उपस्थित महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार, सामाजिक विकास तथा लघु उद्योगों की स्थापना संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में निवास, पिपरिया, बिसौरा, बिसनपुरा, आमाडोंगरी, भीखमपुर, कोहका और निवास कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाजजन शामिल हुए।

बैठक में यूनिफाइड ट्रस्ट की महिला सशक्तिकरण योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाओं को समूहों में संगठित कर उनके बैंक खाते खोले जाएंगे। इसके बाद उत्पादन कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा मशीनें एवं कच्चा माल उपलब्ध कराकर उत्पादन शुरू कराया जाएगा।

योजना के तहत समूहों द्वारा 40 प्रकार के उत्पादन कार्य किए जाएंगे, जिनकी ब्रांडिंग 'मातरम' नाम से की जाएगी।

योजना से जुड़कर कार्य करने वाली प्रत्येक महिला को एग्रीमेंट के आधार पर ₹12 हजार प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। महिलाओं से योजना में सक्रिय सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की गई।





### 2 अगस्त को होगा विशाल सामाजिक भोज

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 2 अगस्त को निवास खैरमाई के पास स्थित सामुदायिक भवन में संयुक्त रजक समाज द्वारा विशाल सामाजिक भोज का आयोजन किया जाएगा। समाज की कार्यकारिणी ने सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया। बैठक में बारेलाल रजक, प्रभु रजक, रमेश रजक, कंधी रजक, गिरीश रजक, नंदू रजक, गोलू रजक, सौरभ रजक, सुनील रजक, ब्रजेश रजक, राजा रजक सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला सदस्य एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# उत्थान मंदबुद्धि विद्यालय में सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ मनाई गई आषाढ़ी एकादशी..

## माऊली के बच्चों के चेहरों पर खिली खुशी की मुस्कान हमीदभाई मेमन के मार्गदर्शन में बच्चों को कराया गया स्वादिष्ट (मीठा) भोजन..



**जगप्रेरणा देवरी।**

आषाढ़ी एकादशी के पवित्र और पावन पर्व के अवसर पर सामाजिक प्रतिबद्धता निभाते हुए 'उत्थान मंदबुद्धि निवासी विद्यालय' में एक बेहद सराहनीय और भावुक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी हमीदभाई मेमन की संकल्पना और मार्गदर्शन में विद्यालय के मासूम दिव्यांग बच्चों को आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर स्नेहपूर्वक मीठा भोजन कराया गया।

आषाढ़ी एकादशी पर जहाँ पूरे राज्य में विठ्ठल माऊली की भक्ति का जयघोष हो रहा था, वहीं 'उत्थान' विद्यालय में वंचितों की सेवा के माध्यम से ईश्वर भक्ति का अनुभव हुआ। 'मानवता की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है!' इसी भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में माऊली के इन बच्चों के साथ समय बिताकर और उनके चेहरों पर खिली मासूम, प्यारी मुस्कान देखकर उपस्थित लोगों के मन को एक अलग ही आत्मिक संतोष मिला। सही अर्थों में इन मासूम बच्चों के चेहरों की यह मुस्कान ही इस त्योहार और सेवा का असली फल साबित हुई।



इस सेवाभावी कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी विलास शिंदे, अमित तरजुले, फुटाना गाँव के सरपंच कमलेश नंदेश्वर, मंदबुद्धि विद्यालय की प्राचार्या धनश्री तिवलकर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की। इस अवसर पर बोलते हुए हमीदभाई मेमन ने कहा कि त्योहार केवल औपचारिक रूप से न मनाकर समाज के उपेक्षित और विशेष वर्ग तक खुशी का प्रकाश पहुँचाना ही सच्ची सामाजिक प्रतिबद्धता है। इन बच्चों के चेहरों पर आनंद देखकर मन को मिलने वाली शांति शब्दों से परे है।

विद्यालय की प्राचार्या धनश्री तिवलकर ने इस पहल के लिए हमीदभाई मेमन और सभी गणमान्य अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग प्रदान किया।

# सालेकसा की बेटी विद्या नागपुरे ने रचा इतिहास, ताइक्वांडो में शानदार प्रदर्शन..

## दक्षिण कोरिया में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***कठिन परिस्थितियों के बीच भी यदि आत्मविश्वास मजबूत हो और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो सफलता की कोई सीमा नहीं होती। इस बात को सालेकसा***

जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र से निकलकर नगर पंचायत सालेकसा के वार्ड क्रमांक 5 की होनहार छात्रा विद्या येसुलाल नागपुरे ने सच साबित कर दिखाया है। छोटे से गांव से निकलकर विद्या नागपुरे ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सालेकसा का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है।





विद्या नागपुरे बचपन से ही खेल और पढ़ाई दोनों में मेधावी रही हैं। उन्होंने अब तक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए हैं। उनकी मेहनत और प्रतिभा का एक और महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि कुछ ही समय पहले उनका चयन भारतीय रेलवे में टिकट कलेक्टर के पद पर भी हुआ है।

विद्या नागपुरे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने ताइक्वांडो प्रशिक्षक रजित गायकवाड़ (नागपुर), माता छमीता नागपुरे, पिता येसुलाल नागपुरे, दादी सवाना नागपुरे, भाई नितीन नागपुरे, तालुका क्रीड़ा संयोजक प्रा. राकेश रोकड़े, प्रा. गणेश भदाड़े तथा गोल्डी भाटिया को दिया है।

विद्या नागपुरे की इस शानदार उपलब्धि पर सालेकसा तहसील सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्रों से उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी जा रही हैं। विद्या की सफलता निश्चित रूप से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है और इससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ने की उम्मीद है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# तेज़ रफ़्तार कार पुल से नहर में गिरी, बुजुर्ग महिला की तुरंत मौत, तीन गंभीर रूप से घायल



**जगप्रेरणा आमगांव।**

आमगांव रोड पर हरदोली शेतशिवरा में आधी रात को हुआ एक भयानक हादसा। सोमवार (27) रात करीब 1 बजे आमगांव रोड पर हरदोली शेतशिवर में हुए एक भयानक कार एक्सीडेंट में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भयानक हादसा तब हुआ जब तेज़ रफ़्तार कार ने कंट्रोल खो दिया और पुल से सीधे नहर में गिर गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से इलाके में शोक फैल गया है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, नागपुर से सखरीटोला जाते समय तेज़ रफ़्तार कार नंबर रूा 35 छ्र 3777 के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और गाड़ी पुल पार करके सीधे नहर में गिर गई। ऐसा अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि ड्राइवर को नींद आने की वजह से यह हादसा हुआ। यह हादसा सालेकसा पुलिस स्टेशन की सीमा में हुआ। इस हादसे में लीलाबाई गौतम (उम्र 65) की मौके पर ही मौत हो गई। विजय गौतम (उम्र 48), सरिता गौतम (उम्र 40, दोनों साखरीटोला के रहने वाले) और यश जतारा (उम्र 25, आमगांव के रहने वाले) गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट की जानकारी मिलते ही इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस स्टाफ ने फुर्ती दिखाई और घायलों को नहर से बाहर निकाला और फर्स्ट एड दिया और फिर उन्हें आमगांव के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज चल रहा है, और बताया गया है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है।



इस भयानक एक्सीडेंट से इलाके में दहशत फैल गई है, और इस एक्सीडेंट ने एक बार फिर यह दिखा दिया है कि आधी रात को गाड़ी चलाते समय पूरा आराम करना और स्पीड कंट्रोल करना कितना ज़रूरी है। सालेकसा पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में सालेकसा शहर मे शांतीमार्च..





## विभिन्न सामाजिक संघटना एवं सैकडो छात्र छात्रा उतरे सडक पर..

## शातीमार्च के बाद तहसीलदार को सौपा निवेदन..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज के विरोध में सालेकसा शहर मे शांतीमार्च का आयोजन किया गया इस शांतीमार्च की शुरूआत डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर चौक से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई शांतीमार्च आंबेडकर चौक से महात्मा गांधी चौक मे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुभाष चौक बसस्थानक चौक होते हुये सालेकसा-दरेकसा मार्ग से तहसील कार्यालय सालेकसा पहुंचा।

तहसील कार्यालय मे नायब तहसीलदार को निवेदन सौपा गया इस शांतीमार्च मे विभिन्न सामाजिक संघटना सहित सैकडो छात्र छात्रा ने सहभाग लिया एवं सरकार द्वारा नीट पेपर लीक मामले मे दोषी पर कठोर कारवाई, केंद्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पुलिस द्वारा अपनी संविधानिक मांग को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रो पर हुये पुलिस की दडपशाही का निषेध किया गया।

शांतीमार्च मे ओबीसी कृती समिती अध्यक्ष बबलु कटरे, सालेकसा नगर पंचायत के नगराध्यक्ष विजय फुंडें, जि.प. सदस्य विमल कटरे, छाया नागपुरे, दुष्यंत किरसान, सोहन क्षीरसागर, शैलश बहेकार, मनोज डोये, क्रिष्णा मेंढे, विनय शर्मा, निलेश बोहरे, आशुतोष असाटी,राजु दोनोडै, विनोद मडावी, छत्रु शिवणकर, पल्लवी शिवणकर, रेखा फुंडे, संतोष बोहरे, डॉ. संजय देशमुख, मधुकर हरिणखेडे सहित बडी संख्या मे सामाजिक कार्यकर्ता एंव सैकडो विद्यार्थी शमिल हुये।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## अचानक तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/ 7/ 2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान सावंगी मे अतुल हिरामण कांबळे उम्र 35 वर्ष निवासी सावंगी अपनी पत्नी के साथ खेत मे काम कर रहा था। काम करते समय उसकी तबीयत खराब हुई उसे रिश्तेदारो ने उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल सडक अर्जुनी ले गये जहा डाक्टर ने जाँच कर मृत घोषीत करने से फर्यादी की शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे डुग्गीपार के अकस्मात मौत क्रमांक 31/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा ख खाटेले 1408 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

## खेत मे काम करने की बात पर बेटे ने की बाप से मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/7/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान चिचटोला मे फर्यादी वामन महादेव धुर्वे उम्र 65 वर्ष निवासी चिचटोला ने आरोपी बेटे को जमीन का एक हिस्सा दे दिया था। घटना के दिन आरोपी बेटे ने फर्यादी के खेत से ट्रक्टर ले गया फर्यादी ने कहा जो जगह खराब हुई है उसे फिर से सही कर दे तो आरोपी बेटे ने बाप की लकडी छिनकर उसे ही मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 351/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना रामटेके 1868 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

## आनलाईन ठगी के पैसे अपने खाते मे लेनदेन कर की धोखाधड़ी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 11/ 2025 से 15/12/2025 के दरम्यान आरोपी पटले ट्रान्सपोर्ट ने अपने बँक ऑफ महाराष्ट्र के खाते मे ठगी के पैसे लेनदेन करने से फर्यादी पोहवा दिनेश अशोक जांभुळकर की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 363/2026 धारा 318,4,61,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी गवई पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

## टु व्हिलर और आटो की भिडंत आटो पलटी 1 की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/ 7/ 2026 के 4 बजे के दरम्यान हिमगीरी ले आऊट भद्रटोला मे फर्यादी अपने दोस्तो के साथ आटो मे बैठकर आ रहा था। सामने से आ रही मोटरसायकल चालक ने अपनी गाडी से आटो को टक्कर मारी आटो पलटी होने से रितुराज ब्रीजलाल शंखवार उम्र 44 वर्ष के सर मे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये शिकायत पर मोटरसायकल चालक के खिलाफपोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 429/2026 धारा 281,106,1,125, अ, भान्यास सहकलम 184,134, ए, बी, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी खारकर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में देवशयनी आषाढ़ी एकादशी धूमधाम से मनाई गई



**जगप्रेरणा आमगांव।**

श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में देवशयनी आषाढ़ी एकादशी का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस खास मौके पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने स्टूडेंट्स ने विठ्ठल-रखुमाई के भक्ति गीतों पर सुंदर डांस पेश कर दर्शकों को भक्ति में डुबो दिया। स्टूडेंट्स की मनमोहक परफॉर्मेंस ने पूरे स्कूल को 'विठ्ठल... विठ्ठल...' के नारों से झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की टीचर श्रीमती वनिता उपाध्याय ने स्टूडेंट्स को देवशयनी आषाढ़ी एकादशी का धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत ही सरल भाषा में समझाया। उन्होंने स्टूडेंट्स को संतों की परंपरा, वारकरी संप्रदाय और भगवान श्री विठ्ठल की भक्ति के महत्व के बारे में समझाया।

इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती. स्मृति छापरिया ने देवशयनी आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर सभी स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और स्टूडेंट्स से अपनी संस्कृति को बचाए रखने और अपने जीवन में भक्ति, सेवा और नैतिकता के मूल्यों को अपनाने की अपील की।

इस प्रोग्राम के लिए स्कूल मैनेजमेंट बोर्ड, सभी टीचर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ ने स्टूडेंट्स की तारीफ की और देवशयनी आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



**प्रकृति का अद्भुत नज़ारा..**

पुजारीटोला बांध, सालेकसा। सालेकसा तहसील के पुजारीटोला बांध के गेट खोले जाने के बाद नदी में चारों ओर पानी ही पानी नजर आया। तेज बहाव और जलराशि से प्रकृति का यह मनमोहक दृश्य देखते ही बन रहा था। इस खूबसूरत नजारे को अपने कैमरे में कैद किया – जग प्रेरणा के प्रतिनिधि प्रा. राकेश रोकड़े ने।

# देवरी में पीएमश्री जि.प. हाईस्कूल का 'स्कॉलरशिप' परीक्षा में बजा डंका, 7 वीं के 13 विद्यार्थी पात्र..

**जगप्रेरणा देवरी।**

स्थानीय पीएमश्री जिला परिषद हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, देवरी की उपलब्धि में एक बार फिर नया कीर्तिमान जुड़ गया है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद की ओर से 26 अप्रैल 2026 को आयोजित 7वीं (पूर्व माध्यमिक) छात्रवृत्ति **(Scholarship)** परीक्षा में इस विद्यालय के कुल 13 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल करते हुए पात्रता सूची में स्थान प्राप्त किया है।

ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने वाले इस स्कूल को छात्रवृत्ति परीक्षा में मिली इस अपार सफलता के लिए पूरे तहसील भर से बधाई और सराहना मिल रही है।

## पात्र घोषित हुए मेधावी विद्यार्थियों के नाम..

काव्या विलास शिंदे, आयुष गुलाब शहारे, आरोही योगराज साखरे, अवनी प्रेमलाल उंदीरवाडे, दिशांत शामलाल मडावी, हर्षिका रामभाऊ भोयर, लावण्य अनिल गोखले, महक स्वर्णसिंग बघेल, पायल विदार्थ साखरे, रिद्धी नितेश खोटेले, ऋतुजा गणेश राठोड, शर्वरी मनोज मेश्राम और विधी विवेक वित्ठले। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर स्कूल के प्राचार्य, उन्हें निरंतर मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक-वृंद, गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा सभी सफल विद्यार्थियों के अभिभावकों को हर स्तर पर हार्दिक बधाई दी जा रही है। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से पीएमश्री जि.प. हाईस्कूल, देवरी के शैक्षणिक स्तर में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

# जिला परिषद प्राइमरी स्कूल, जांभाली में स्टूडेंट्स ने डेमोक्रेटिक प्रोसेस का अनुभव किया..

## स्टूडेंट्स ने EVM से वोटिंग करके स्कूल स्टूडेंट कैबिनेट चुना..

**जांभाली, ताल. सड़क अर्जुनी।**

जिला परिषद प्राइमरी स्कूल, जांभाली में स्कूल स्टूडेंट कैबिनेट का चुनाव बहुत जोश भरे माहौल में हुआ। इसका मकसद स्टूडेंट्स में डेमोक्रेटिक वैल्यूज़ के बारे में जागरूकता पैदा करना था। इस चुनाव में, स्टूडेंट्स ने सीधे **EVM** (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से वोट करके डेमोक्रेटिक प्रोसेस का एक अनोखा और प्रेरणा देने वाला अनुभव हासिल किया।

चुनाव से पहले, उम्मीदवारों ने स्कूल में प्लान के साथ कैंपेन किया। स्टूडेंट्स ने अलग-अलग पोस्ट के लिए अपने नाम लिखे और अपने क्लासमेट्स के सामने अपनी बात रखी। उसके बाद, वोटिंग प्रोसेस शांतिपूर्ण और डिसिप्लिन वाले माहौल में हुई। वोटिंग के बाद, वोटों की गिनती हुई और जीतने वाले उम्मीदवारों की घोषणा की गई।



इस चुनाव में, स्कूल हीरो के पद के लिए कृतिका ओमप्रकाश बोपचे जीतीं, जबकि चैतन्य नितेश बहेकर स्कूल डिप्टी हीरो चुने गए। रुचि रविंद्र उके स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव चुनी गईं। सची विनोद कांबले और इशानी राजू गजभिये कल्चरल हेड, दीपेश दिलीपकुमार मेंढे, मयूर राजू वढे और नयन अरविंद बहेकर स्पोर्ट्स हेड, निधि विनोद कांबले, युग हवनलाल लाटे, नैन्सी दिलीपकुमार कांबले और मयंक जितेंद्र बावने रोजना प्रमुख, और नैतिक चिंतामन राऊत, अदिति विश्वनाथ उके, युग राजेश रहांगडाले, कुलदीप राजेश सोनवाने और लुमेश अनिल नेवारे सफाई प्रमुख के तौर पर भारी अंतर से जीते। इस पहल से छात्रो को वोटिंग के महत्व, प्रजातंत्र की बुनियादी बातों, ज़िम्मेदार नागरिकता, नेतृत्व गुण और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के बारे में सीधे तौर पर जानकारी मिली छात्रो ने बहुत ही अनुशासन में मतदान में हिस्सा लिया, जिससे पूरा माहौल डेमोक्रेसी के जश्न से भर गया।

इस स्कूल चुनाव में प्रधानध्यापक किशोर बी. डोंगरवार, राजेशकुमार सोनवाने, जितेंद्र कवरे, धम्मदीप साखरे भुवन बागड़े, शमा कुंदगीर, माया तंडाले ने इलेक्शन प्रोसेस को सफलतापूर्वक पूरा करने में कीमती मदद की। इस पहल को लेकर छात्रो में बहुत उत्साह देखा गया। स्कूल लेवल पर प्रजातंत्र के मूल्यों को बढ़ावा देने और भविष्य के ज़िम्मेदार नागरिक बनाने वाली इस नई पहल की, वहां मौजूद माता-पिता और गांववालों समेत सभी ने तारीफ़ की।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 मंगलवार 28 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# देश की संसद मे गोंदिया की ताकत बढ़ी है, तो अपेक्षित विकास के भी होंगे तीव्रता से प्रयास - सांसद राजेन्द्र जैन

### गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का किया गया भव्य सत्कार..

### विधायक विनोद अग्रवाल भी रहे उपस्थित..

### पत्रकार भवन के लिये सांसद एवं विधायक ने दिया सहयोग का आश्वासन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रुप में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने की खुशी में गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा नवनिर्वाचित सांसद श्री राजेंद्र जैन का नागरिक सत्कार समारोह 26 जुलाई दिन रविवार को होटल ग्रैंड सीता में आयोजित किया गया,***

इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रमुख रुप से विधायक विनोद अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश दादरीवाल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सदस्य रोशन जायसवाल, गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल एवं आयोजन समिति के सदस्य सुब्रत पाल, राजेश बंसोड़, प्रकाश तिड़के, रवि ठकरानी, मुकेश मिश्रा, विष्णु शर्मा एवं रितेश अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत समारोह से किया गया, इसके उपरांत प्रास्ताविक उद्‌बोधन संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि संघ ने पत्रकार भवन निर्माण के लिए गोंदिया में भूखंड खरीदा है। भवन निर्माण पर लगभग 2.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जबकि अब तक करीब 28 लाख रुपये का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने सांसद राजेंद्र जैन एवं विधायक विनोद अग्रवाल से भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु शर्मा, मुकेश मिश्रा, राजेश बसोड़े, प्रकाश तिड़के, रवि ठकरानी सहित पत्रकार समिति के सदस्यों एवं आरटीआई विशेषज्ञ विजय अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। तिरोड़ा पत्रकार संघ के अध्यक्ष दीपक जायसवाल तथा आमगांव तालुका पत्रकार संघ के अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल ने भी अपने साथियों के साथ सांसद राजेंद्र जैन का स्वागत किया। शहर की विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी सांसद राजेंद्र जैन का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

पत्रकार संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर भारतीय परंपरा के अनुसार उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल अग्रवाल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विष्णु शर्मा ने व्यक्त किया। समारोह की विशेष आकर्षण उदयपुर से मंगाई गई लगभग 6 फीट लंबी मोर पंखों की माला रही, जिससे सांसद राजेंद्र जैन का अभिनंदन किया गया। वहीं कोलकाता की कलाकार कु. निशा के ऑर्केस्ट्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समारोह में समां बांध दिया।

## बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

सांसद राजेन्द्र जैन ने अपने संबोधन में कहा कि मैं जब से आदरणीय प्रफुलभाई के साथ जुड़ा, कभी जीवन में किसी पद की, किसी अवसर की चाहत भी नहीं रखी। प्रफुल भाई ने जो काम दिया, उसे ईमानदारी से करने का प्रयास किया। अचानक जब राज्यसभा चुनाव की स्थितियां बनी, मैं तो कभी सोच भी नहीं सकता था, लेकिन प्रफुलभाई ने यह अवसर प्रदान किया है। मुझे अवसर प्रदान करने के पीछे उनकी क्या सोच हो सकती है आप और हम सभी जानते हैं कि अपने गोंदिया भंडारा जिले के विकास को गति प्रदान करना ही उनका सबसे प्रथम लक्ष्य है, और मुझे उम्मीद है कि आप सभी की और प्रफुलभाई की उम्मीदों पर खरा उतर सकूंगा। सांसद श्री जैन ने कहा कि प्रफुल भाई की अनुशंसा पर मुझे सांसद के रुप में रेल एवं कृषि विभाग की समिति में सदस्य मनोनित किया गया है, तथा मेरा भरसक प्रयास होगा कि गोंदिया में धुरंतो एक्सप्रेस को स्टॉपेज मिले, गोंदिया से मुंबई ओर दिल्ली के लिये नई यात्री ट्रेनों को शुरु किया जा सके। गोंदिया से मुंबई के लिये वंदेभारत स्लीपर ट्रेन के शुभारंभ का भी हम प्रयास करेंगे, वहीं भेल का कारखाना जो 2014 के बाद रुक गया था, उसे वापस शुरु किया जा सके। अपने संबोधन में सांसद श्री जैन ने विधायक विनोद अग्रवाल के व्यक्तित्व की भी प्रशंसा की, तो वहीं यह भी कहा कि पत्रकार भवन के निर्माण में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

**गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा आयोजित सत्कार समारोह में विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया जिले की राजनीति में विकास की सोच के साथ कार्य करते हुए हम वर्षों से आदरणीय सांसद प्रफुलभाई पटेल जी को देख रहे हैं, और उन्हीं के साथ आदरणीय राजू भैया का भी कर्मठ योगदान का परिणाम है कि उनके भी विशेष सहयोग से मुझे दो बार जनता की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि जिले की राजनीति में बड़ा प्रभाव हमेशा राजेन्द्र जी जैन का रहा है, जिसका बड़ा कारण है कि उनका व्यक्तित्व है। हमारा सौभाग्य है कि आदरणीय प्रफुल भाई के साथ अब राजेन्द्र जी जैन देश की राजधानी दिल्ली में गोंदिया की आवाज बने हैं, तो निश्चित ही इसका दोगुना लाभ गोंदिया जिले को अवश्य प्राप्त होगा।**

# गौमाता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने और अलग मंत्रालय बनाने की मांग..





### गोंदिया मे विभिन्न संगठनों ने मोर्चा निकालकर 69 हजार हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गौमाता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने तथा गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पृथक मंत्रालय की स्थापना की मांग को लेकर सोमवार को गोंदिया शहर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के तत्वावधान में जिला कलेक्टर कार्यालय पर***

विशाल मोर्चा निकाला गया। मोर्चे में शामिल सभी संगठनों ने एक स्वर में गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि और स्वास्थ्य की आधारशिला है। इसलिए उसे 'राष्ट्रमाता' का दर्जा देकर उसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही गायों के पालन-पोषण, गोशालाओं को अनुदान तथा गोवंश हत्या पर प्रभावी रोक लगाने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर पृथक गो मंत्रालय स्थापित करने की भी मांग की गई। मोर्चे में गोंदिया जिले के विभिन्न तहसीलों और गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस दौरान जिलेभर के गौ-प्रेमी नागरिकों के 69 हजार हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन भी जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार को भेजा गया। ज्ञापन में गोहत्या निषेध कानून का सख्ती से पालन कराने तथा गोपालकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई है। मोर्चे में जिले की अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं गोसेवा से जुड़ी संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों के हाथों में भगवा ध्वज और गौमाता के चित्र थे। ÷गौमाता राष्ट्रमाता हो÷ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो भविष्य में इससे भी व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मोर्चे में गोविंद जी येडे, हंसराम रोकड़े, रामकृष्ण बावनकर, कूवरलाल भगत, जोगा सर, ठाकरे सर, स्वदेश ठाकुर, गौरव वानखेड़े, छत्रपाल पटले, सुनील गजभिये, गजानन राय, कोमलप्रसाद गौतम, डॉ. प्रशांत कटरे, शंकरलाल अग्रवाल, सूरज नसीने, महेश पांडे, जय चौरसिया, भगत जी, विक्की गोहरे, विवेक बैस, देवेश मिश्रा, हरीश अग्रवाल, अंकित कुलकर्णी, पंकज चौधरी, राजीव ठकरेले, दीप्ति मिश्रा, सुनील तिवारी, अजीत सिंह, रमेश अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन पर लगा शुभकामनाओं का मेला, हजारों ने दी अनंत बधाईयां..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***27 जुलाई को पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर, जिले के सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं एवंशुभचिंतकों ने, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल से उनके निवास पर भेंटकर जन्मदिवस की शुभकामनाऍ-बंधाई दी। बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने समाचार पत्रों, होर्डिंग-बैनर एवंसोशल मीडिया के माध्यम से भी बधाई संदेश दिये। विशेष उल्लेखनीय है कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिवस अवसर पर शुभकामनाओं का लंबा सिलसिला दिनभर चलता रहा***

एवं संपूर्ण जिले के हर क्षेत्र से शुभचिंतकों ने अभूतपूर्व रुप से उपस्थिती दर्ज कराई। सोमवार 27 जुलाई 2026 को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर गोंदिया जिला युवक कांग्रेस एवं छैन्प् द्वारा इस दिन को युवा उत्सव दिवस के रुप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष की तरह पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया में ही रहे तथा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए अपने शुभचिंतकों से निवास पर भेंट की। उल्लेखनीय है कि, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिवस पर दिन भर विविध कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा, जिसमें पंचायत समिती के समीप, आंबेडकर चैक पर, प्रताप मेमोरियल चेरीटेबल ट'स्ट एवं नगराध्यक्ष सचिनभाऊ शेंडे के माध्यम से नागरीकों को पौधारोपन हेतु पौधो का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पश्चात शासकीय बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी युवा कांग्रेस एवं छैन्प् कार्यकर्ता जरुरतमंदो के लिए 75 युनिट का रक्तदान कर लोकहित का कार्य किया गया। इसी कड़ी में गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी एवं गोंदिया शहर कमेटी द्वारा स्थानीय शासकीय केटीएस एवं बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में सभी मरीजों को फल वितरण किया गया। युवा नगर परिषद सदस्यों ने शिक्षण के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से छात्रों को नोटबुक आदि साहित्य वितरण का कार्यक्रम न.प.की मरारटोली एवं रामनगर स्कुल में आयोजित किया। श्रीराम वृक्षारोपण आयोजन समिती द्वारा, सतत वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते गोंदिया शहर पोलिस थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

गोंदिया स्थित जनसंपर्क कार्यालय में विधायक गोपालदास अग्रवाल को दुरभाष पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुडे, जलसंपदा मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटील, राज्यसभा सांसद प्रफुल पटेल, गोंदिया-भंडारा सांसद प्रशांत पटोले, सांसद डॉ.नामदेवराव किरसान, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन, पुर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ, विधायक परिणय फुके, विधायक डॉ आशिष देशमुख, पुर्व मंत्री सुनिल केदार, विधायक विजय रहांगडाले, पुर्व विधायक रमेश कुथे, केशवराव मानकर, सहेसराम करोटे, मनोहर चंद्रिकापुरे, जिला भाजपा संगठन मंत्री विरेन्द्र अंजनकर, सहित राज्य के अनेक मंत्रीयों ने फोन पर बधाई दी।

गोंदिया स्थित जनसंपर्क कार्यालय में मिलकर बधाई देनेवालों में सर्वश्री जिला कांग्रेस अध्यक्ष माजी आमदार दिलीपभाऊ बन्सोड, पुर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम बाबा कटरे, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदना काळे, नगर परिषद अध्यक्ष सचिनभाऊ शेंडे, नगर परिषद में कांग्रेस गटनेता पार्षद राकेश ठाकुर, शिवसेना जिलाध्यक्ष पार्षद पंकज यादव, पूर्व नगराध्यक्ष अशोक इंगले, जि.प.सदस्य संजय टेंभरे, जिला मजुर संघ अध्यक्ष दिपक कदम, पुर्व जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष राधेलाल पटले, पुर्व जि.प सभापती राजेश नंदागवली, जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के नवनिर्वाचित संचालक बंटीभाऊ कटरे, अशोक गप्पु गुप्ता, अरुणकुमार दुबे, विजयसिंह राठोड़, गंगाधर परशुरामकर, विजयजी बहेकार, संजयजी बहेकार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चैधरी, पूर्व नगराध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितेश राणे, गोरेगांव पं.स पुर्व सभापती झामसिंगभाऊ बघेले, डॉ.योगेन्द्र भगत तिरोड़ा, अर्बन बैंक संचालक गोपीचंद थावानी, वेदप्रकाश अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, श्री महावीर मारवाड़ी शिक्षण संस्था अध्यक्ष सिताराम अग्रवाल महालक्ष्मी, श्री मारवाडी युवक मंडल अध्यक्ष महेश गोयल, श्री अग्रसेन स्मारक समिती अध्यक्ष निलेश अग्रवाल, श्री सकल समाज समिति अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार, ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष राम अग्रवाल, श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष किरनकुमार मुंदडा, महासचिव अपूर्व अग्रवाल, राईस मिलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, योगेश बापू अग्रवाल, नागरतन बंसोड, बंटी मिश्रा, देवेन्द्र तिवारी, लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा, जगदिश येरोला, गोंदिया जिला व्यापारी असोशिएशन के अध्यक्ष संजय जैन लाडली, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष अमान रोगठिया, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जमीलभाई खान आमगांव, जि.प. सदस्य सर्वश्री संदीप भाटीया, जितेन्द्र कटरे, लक्ष्मी रविशंकर तरोने, विजय ऊके, रितेश मलघाम, गुनीलाल देशभ्रतार, विमल कटरे, छब्बूताई उके, छायाबाई नागपूरे, गिताबाई ओमप्रकाशजी लिल्हारे, कविता अशोक कापगते, प्रमिलाताई गणवीर, राधिकाताई धरमबुडे, सशेंद्रभाऊ भगत, उषा सहारे, वरिष्ठ अधिवक्ता एड. हर्षवर्धन भादूपोते, राजेशजी केलनका, तालुका कॉग्रेस अध्यक्ष रमेश अंबुले, पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा सुशीलाताई भालेराव, संजय गोल्डी गावंडे, शहर भाजपा पूर्व अध्यक्ष अमित झा, नंदुभाऊ बिसेन कटंगी, शेषराव गिरीपुंजे, मनोज मेंढे, डॉ. दिपक बाहेकर, डॉ.अल्का बाहेकर, कृउबास उपसभापती पप्पुजी पटले, जिला परिषद सदस्य पूर्व जि.प.अध्यक्ष उषाताई मेंढे, पूर्व जि.प.सभापती विमल नागपूरे, पुर्व जि.प सभापती पी.जी.कटरे, पुर्व पं.स. सभापती प्रकाश रहमतकर, पं.स. सदस्य विनोद बिसेन, पूर्व पं.स. सदस्य भास्करभाऊ रहांगडाले, गोंदिया पस पुर्व उपसभापती मनिष मेश्राम, पुर्व पं.स सदस्य संतोष घरसेले, पुर्व पस सदस्य शोभेलाल पारधी, कृउबास संचालक धनलाल ठाकरे, पुर्व पंस सभापती माधुरी हरिणखेड़े, पुर्व पस उपसभापती चमनलाल बिसेन, शासकीय कंत्राटदार उदर प्रमर, पू.सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष दरयानो आसवानी, पुर्व अध्यक्ष नारी चांदवानी, पुर्व अध्यक्ष साजनदास वाधवानी, हरगुणदास गुरनानी, पन्नालाल सहारे, शहर कांग्रेस महासचिव मनोज पटनायक, शहर कांग्रेस महासचिव अंकित जैन, तिरोड़ा नप पूर्व उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, उमाशंकर हारोडे, उमेश असाटी तिरोड़ा, पुर्व जिप सदस्य गिरधर बिसेन, दिलीप असाटी, पुर्व पार्षद गोपाल हरिचंदजी अग्रवाल शाह ट'ड, नप पुर्व उपाध्यक्ष भगत ठकरानी, प्रेमकुमार जायसवाल, पुर्व न.प. सदस्य पार्षद शकील मंसूरी, पार्षद लोकेश कल्लु यादव, पूर्व पार्षद व्यवं !ट पाथरु, पृथ्वीपालसिंग गुलाटी, पुर्व पुर्व पार्षद सन्नी शेंद्रे, पूर्व पार्षद चेतना पराते, पूर्व पार्षद अफसानताई पठान, पूर्व पार्षद विष्णु नागरिकर, पार्षद सुनिल तिवारी, पार्षद क्रांतीकुमार जायस्वाल, पार्षद देवा रुसे, पुर्व पार्षद भागवत मेश्राम, पुर्व जिप सदस्य विजय लोणारे, विठोबा लिल्हारे, सरिता विलास कापगते, पुर्व जिप सभापती अशोक लंजे, पूर्व जिप सदस्य रमेशकुमार लिल्हारे, रुद्रसेन खांडेकर, अर्जुन नागपूरे, देवेन्द्र मानकर, पूर्व जिप सदस्य सुरजलाल महारवाड़े, देवचंद नागपुरे, जिला युवा कांग्रेस के संदिप रहांगडाले, सुरेखाताई भेंडारकर फुलचुरटोला, डॉ.नंदकुमार जायसवाल, डॉ.तेजराम येडे, रवि अग्रवाल आमगांव, पूर्व पस सदस्य लोकेश बंशीधरजी अग्रवाल आमगांव, बबली चैधरी, कुंदाताई चंद्रिकापुरे, धर्मिष्ठा शेंगर, लता बागडे, राधाकिशन अग्रवाल छोटु, पूर्व पस सभापती स्नेहा दिनेश गौतम, प्रमिला करचाल, निता पटले, प्रकाश डहाट, प्रिया मेश्राम, इंद्रायणी धावडे, हरिचंदभाऊ कावडे, कृ.उ.बा.स. पुर्व संचालक खेमनबाई बिरनवार, जगदीश अग्रवाल, सावलराम महारवाडे, कृ.उ.बा.स.संचालक सुरेशकुमार अग्रवाल, सा.बा.विभाग सेवानिवृत्त अभियंता लिलिन्द्र दुबे, संजय मुरकुटे, सुरेश चंदनकर, अशोक लिचड़े, गेंदलाल शरणागत रावणवाड़ी, आजाद क्रांती सेना अध्यक्ष नागेश दुबे, सुरेशजी चौरागड़े, जगदीश मिश्रा, प्रकाश हसरानी, मुन्ना शिवलानी, गुड्डु कारडा, विनोद गड्डु चांदवानी, धरम खटवानी, मारोती भिमटे, प्रकाश ब्रम्हपुरे, संतोष अग्रवाल विकास, उत्पल शर्मा, कुंवरसिंग भारद्वाज, सुरेश अग्रवाल बाबा, दिपांशु पिल्लै, रुपाली उके, राजीव चिंटु जयपुरिया, पुर्व जि.प.सभापती रुपेश सोनु कुथे, नगर परिषद मुख्याधिकारी संदिप बोरकर, हरजित चावला, विक्रम बहेलिया, नेत्रदीप गोल्डी गांवडे, कुरुमराज चैव्हान, पूर्व न.प.सभापति मैथुल बिसेन, अस्सु दवे, महेश आहुजा, पुज्य सिंधी जनरल पंचायत के सचिव कमल वाधवानी, धन्ना नागरीकर, मनिष सोनी, करसन वडेरा, राजु अग्रवाल, डेमेन्द्र रहांगडाले गोरेगांव, एड.एच.डी.सुर्यवंशी, एड.इंद्रकुमार होतचंदानी, एड.प्रमोद फुंडे, एड.कैलाश खंडेलवाल, एड.पृथ्वीराज चैव्हान, पुर्व पंस सदस्य जगतराय बिसेन, वाय.पी.रहांगडाले, संपत सोनी आमगांव, देवेन्द्रबाबू अग्रवाल, कमल पुरोहित, मनिष मुंदडा, राजा ईसरका, चुन्नी ईसरका, सुभाष रामानी, पवन ताराचंद अग्रवाल, अमरचंद अग्रवाल, राजकुमार खंडेलवाल, यशपाल डोंगरे, जयंत कछवाह, कैलाश कनौजिया, श्रीचंद धावडे, गुलाब बोपचे, महेन्द्र अग्रवाल बारदानावाले, टिकाराम भाजीपाले, दिनेश अग्रवाल कामठा, मुकेश शर्मा लोकमत समाचार, हरेन्द्र मेठी नवभारत, अलताफ शेख विज्ञापन की दुनिया, संतोष शर्मा दैनिक भास्कर, अतुल दुबे भंडारा दर्शन, चंद्रकांत खंडेलवाल भवानी टाइम्स, संजय राऊत, हरिश मोटघरे, मेहेन्द्र माने, सुब्रत पाल, रोशन जायसवाल, दिनेश अग्रवाल गीता, कैलाश अग्रवाल सालेकसा, पुर्व जि.प. सभापती लताताई दोनोडे सालेकसा, डॉ.महेन्द्र गेडाम, सुशील ठवरे, विलास वासनिक, छुन्नुभाऊ खरकाटे, अनिल सहारे, कृष्णकुमार लिल्हारे, सी.ए.राजेश व्यास, ऐजाजभाई पठान, अशोक जैन, राजु लिमिये, दिनेश सिंघानिया, निरज आर. अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अभिषेक पी.अग्रवाल, खलीलभाई पठान, इकबालभाई पठान, अफजलभाई शाह छन्नुभाई, नरेन्द्र चांदवानी, सुभाष बोथरा, आदित्य अग्रवाल, विकास बोरकर, रामअवतार अग्रवाल, रमा अग्रवाल, वंश गुप्ता एवं बाल दहीहांडी उत्सव मंडल के सभी पदाधिकारी, कचरु शर्मा, बिसेन सर, सीए एम.के.एम.अग्रवाल, अशोक अग्रवाल पीए, एमपीएमसी अधिकारी झा, सुरेश जोशी, जगदिश तिवारी, विशाखा वासनिक, राजु बसंल, शंभु हिसारिया, अमर रंगारी, मनोज अग्रवाल, प्रशांत वडेरा, यादनलाल बनोटे, सुनिल सहारे, नरेन्द्र बिसेन, मनोज जोशी, सुधीर नागदेव, मुकेश अग्रवाल भवानी, सुशील राऊत, सुशील ठवरे, अनिल डोंगरे, सुनिल अग्रवाल लाला सर, धीरज जेठानी, कमलेश लाटा, बालमुकुंद माहेश्वरी, प्रकाश कोठारी, सुजित सिंघानिया, संजय हिसारिया, शेखर हिसारिया, माधवदास खटवानी, लक्ष्मीचंद रोचवानी, सीए गोपाल असाटी, चमन अग्रवाल, प्रशांत वडेरा, मनोज निरंजनलाल अग्रवाल संहित हजारों लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com